
रोज़ाना भक्ति
आपका दैनिक भविष्यसूचक शब्द
अंक 1
जनवरी- फरवरी -मार्च
2026
शुभ समाचार।
हर दिन का
मुफ्त में।
बेचने के लिए नहीं।
जैसा थके मांदे के प्राणों के लिए ठंडा पानी होता है,
वैसा ही दूर देश से आया हुआ शुभ समाचार भी होता है। (नीतिवचन 25:25)
Uebert & BeBe
ANGEL




# भक्ति-पुस्तक के बारे में

गुड न्यूज दैनिक भक्ति-पुस्तक आपका दैनिक भविष्यवाणी पूर्ण वचन है, एक अत्यंत सम्मानित मसीही संसाधन, जिसे वर्ष के हर दिन आपकी आत्मिक उन्नति के लिए बड़े मनोयोग और ध्यानपूर्वक लिखा गया है। यह गहरे आत्मिक विचार, शक्तिशाली प्रकाशन और दैनिक भविष्यवाणी पूर्ण घोषणाएँ प्रदान करता है, जो पाठकों को मसीह-केंद्रित जीवन की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं, ऐसा जीवन जो भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल की परिवर्तनीय शिक्षाओं और प्रकाशनों में जड़ित है। यह भक्ति-पुस्तक त्रैमासिक रूप से प्रकाशित किया जाता है और अपनी वैश्विक पहुँच के लिए विशिष्ट है। इसे अनेक भाषाओं में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है ताकि भाषाई बाधाएँ दूर हो और इसका जीवन-परिवर्तनकारी संदेश पूरे विश्व तक पहुँचे। तीन विशिष्ट संस्करणों, वयस्क, युवा और बच्चों के माध्यम से, गुड न्यूज डेली भक्ति-पुस्तक हर पीढ़ी तक परमेश्वर का भविष्यवाणी पूर्ण वचन पहुँचाता है, जिससे परिवार एक साथ विश्वास और प्रकाशन में बढ़ सकें।

## यूबर्ट और बेवर्ली एंजेल

पूर्णकालिक सेवकाई में अपने व्यापक अनुभव के साथ, यूबर्ट और बेवर्ली एंजेल ने परमेश्वर के अनुग्रह की गुड न्यूज़ को साझा करने और भविष्यवाणी की सेवकाई को विश्व भर में आगे बढ़ाने में एक प्रमुख स्वर के रूप में स्थान प्राप्त किया है। स्पिरिचुअल वॉरफेयर, प्रेयर बैंक्स, सुपरनैचुरल पावर ऑफ द बिलीवर, ग्रेस ड्रिवन लाइफ, और गुड न्यूज दैनिक भक्ति-पुस्तक जैसी प्रभावशाली और सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तकों के लेखक होने के नाते, उन्होंने मसीही साहित्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपनी दूरदर्शिता, नवाचार और गतिशील नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध, यूबर्ट और बेवर्ली एंजेल विश्व भर में सम्मेलनों में अत्यधिक मांग वाले वक्ता हैं। गुड न्यूज़ चर्च - स्पिरिट एम्बेसी के वैश्विक अग्रणी और संस्थापक तथा भविष्यवक्ता के पद के धारक होने के नाते, उन्होंने परमेश्वर के अनुग्रह की गुड न्यूज़ की प्रकाशन (युऍनजेलीऑन) और उसके परिवर्तनीय सामर्थ्य के प्रचार के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता के माध्यम से विश्व भर में लाखों जीवनों पर गहरा प्रभाव डाला है।






# अद्भुत चमत्कार

**प्रेरितों के काम 19:11 (KJV)**
**और परमेश्वर पौलुस के हाथों के द्वारा सामर्थ के अनोखे चमत्कार करवाता था।**

---

इस वचन में करवाता यह शब्द यूनानी शब्द पोइयो से अनुवादित है, जिसका अर्थ है किसी वस्तु को रचनात्मक तरीके से निर्माण करना या आकृति देना। यह प्रकट करता है कि इफिसुस में जो चमत्कार हो रहे थे, वे रचनात्मक प्रकृति के थे, अद्भुत और असाधारण चमत्कार, जो पहले कभी नहीं देखे गए थे।

प्रेरित पौलुस स्वयं को चमत्कारों के ऐसे क्षेत्र में चलते हुए पाते हैं जो असाधारण थे, उनकी सबसे बड़ी कल्पनाओं से भी परे, उनकी सेवकाई में अब तक अनुभव किए गए हर चमत्कार से कहीं अधिक महान। ये अलौकिक घटनाएँ थीं, सर्वोच्च स्तर की।

पौलुस के हाथों के द्वारा - इस वाक्यांश पर ध्यान दीजिए। यह हमें दिखाता है कि परमेश्वर अपने उद्देश्यों को अपने बच्चों के माध्यम से पूरा करता है। आपके ही हाथों के द्वारा अद्भुत गवाहियाँ प्रकट होंगी। आप अपने परिवार, व्यवसाय, और अपने जीवन से जुड़ी हर बात में ऐसे अद्भुत कार्य करेंगे जो पहले कभी नहीं देखे गए और यह अभी से आरंभ होता है!

**भविष्यवाणी घोषणा**
यह मेरा उत्कृष्ट कार्यों और अलौकिक चमत्कारों का वर्ष है। मैं इस नए वर्ष के हर दिन से भविष्यवाणी करता हूँ कि वह मेरे लिए परमेश्वर का सर्वश्रेष्ठ लेकर आएगा। यह वह वर्ष नहीं है जिसमें मैं असफल होऊँ, यह वह वर्ष है जिसमें मैं यीशु के नाम में विजयी होऊँगा! आमेन!

**आगे का अध्ययन**
मरकुस 16:17-18

**365 बाइबल चुनौती – दिन 1**
उत्पत्ति 1-3
मत्ती 1

शुक्रवार, जनवरी 2




# चिन्ह कहाँ हैं?

**मरकुस 16:17-18 (KJV)**
**और विश्वास करने वालों में यह चिन्ह होंगे कि वे मेरे नाम से दुष्टात्माओं को निकालेंगे। नई नई भाषा बोलेंगे, सांपों को उठा लेंगे, और यदि वे नाशक वस्तु भी पी जाए तौभी उन की कुछ हानि न होगी, वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, और वे चंगे हो जाएंगे।**

---

यीशु ने उन चिन्हों को उजागर किया है जो उन लोगों की पहचान कराते है जो यीशु पर विश्वास करते हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि आप सचमुच यीशु पर विश्वास करते हैं, तो आप कभी भयभीत नहीं होंगे। यदि आप बीमारी, अपने मालिक, व्यवसाय शुरू करने, या संबंधों से डरते हैं, तो सोचिए आपने आखिर किस परमेश्वर पर विश्वास किया?

आज का वचन घोषणा करता है कि अद्भुत और सामर्थी चिन्ह उन लोगों के पीछे चलते हैं जो परमेश्वर पर विश्वास करते हैं। यदि चिन्ह आपके पीछे नहीं चलते, तो अपने विश्वास के स्तर की जाँच करें।

मैंने हजारों लोगों पर हाथ रखे हैं, जिनमें से कई सबसे संक्रामक बीमारियों से पीड़ित थे, फिर भी मुझे कभी संक्रमित होने का भय नहीं हुआ। क्योंकि मैं जानता हूँ कि मैं कौन हूँ, और भय मेरे डी.एन.ए. में नहीं है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
इस अनौखे तेल के वर्ष में मुझे किसी भी घातक या नकारात्मक चीज से प्रभावित नहीं किया जाएगा। शैतान को मेरी हार के लिए आने में बहुत देर हो गयी, मैं पहले ही यीशु के नाम में जीत चुका हूँ! हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
लूका 10:19

**365 बाइबल चुनौती – दिन 2**
लूका 1:1-20
भजन संहिता 1-3

शनिवार, जनवरी 3




# मैं चमत्कारों पर विश्वास करता हूँ

**इब्रानियों 2:4 (NLT)**
**और साथ ही परमेश्वर भी अपनी इच्छा के अनुसार चिन्हों, और अद्भुत कामों, और नाना प्रकार के सामर्थ के कामों, और पवित्र आत्मा के वरदानों के बांटने के द्वारा इस की गवाही देता रहा।**

---

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग, जो बाइबल के वचनो को बताते हुए, दावा करते हैं कि चमत्कार अब अस्तित्व में नहीं हैं, लेकिन ऐसे विचार विकृत और अज्ञानता से भरे होते हैं। हम में से कुछ लोग प्रतिदिन चमत्कारिक जीवन जीते हैं, सांस लेते हैं, देखते हैं और अनुभव करते हैं। परमेश्वर पर विश्वास करना, अलौकिक पर विश्वास करना है। यदि आप चमत्कारों पर विश्वास नहीं करते, तो आप परमेश्वर पर विश्वास नहीं करते!

चमत्कार, मनुष्यों के मामलों में परमेश्वर का अलौकिक हस्तक्षेप है। परमेश्वर आत्मा हैं और आत्मिक क्षेत्र में रहते हैं। जब वे उस अदृश्य क्षेत्र से प्रार्थनाओं का उत्तर देकर उन्हें दृश्य क्षेत्र में लाते हैं, यही चमत्कार है।

इस अनौखे तेल के वर्ष में, परमेश्वर चाहते है कि आपके जीवन में चमत्कारिक स्तर को ऊँचा उठाए। हम अभूतपूर्व और अनोखे कार्यों के मौसम में हैं। वचन पर कार्य करना शुरू करें और अपने विश्वास का निर्माण करें, जब तक कि अलौकिक बातें आपके जीवन में स्वाभाविक न बन जाएँ।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने जीवन में इस समय चमत्कारों की भारी बारिश बोलता हूँ, उस शक्ति द्वारा जो मुझे पवित्र आत्मा से दी गई है! जो कुछ भी अधूरा है, वह मेरी आवाज सुनाई देने पर अब प्रकट हो, यीशु के नाम में!

**आगे का अध्ययन**
मरकुस 16:20

**365 बाइबल चुनौती – दिन 3**
उत्पत्ति 4-6
मत्ती 2




# एक द्वार चुनो

**मत्ती 7:13 (KJV)**
**संकरे द्वार से प्रवेश करो; क्योंकि चौड़ा है द्वार और विस्तृत है मार्ग जो नाश की ओर जाता है, और बहुत से लोग हैं जो उस मार्ग से जाते हैं।**

---

कल्पना कीजिए कि आपको एक मिशन पर भेजा गया है और आपके सामने दो विकल्प हैं: एक आसान रास्ता, जो मृत्यु पर समाप्त होता है, या एक कठिन रास्ता, जो जीवन की ओर ले जाता है। हर कलीसिया जाने वाला दूसरा विकल्प चुनेगा। कौन अपनी जान खोना चाहेगा, सही है न? लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता।

कुछ मसीही खुद को उस आसान मार्ग पर पाते हैं, जो सांसारिकता से भरा होता है चमकदार रोशनियों, आकर्षक संगीत, मज़ेदार रिश्तों और जीवन की उस संपूर्ण सड़क की हर चीज़ से सुसज्जित। लेकिन क्या यह वास्तव में संपूर्ण और सही मार्ग है?

भाइयों, शैतान नरक को सुंदर नहीं बना सकता, इसलिए वह उस मार्ग को सुशोभित करता है जो वहां ले जाता है। दुनिया जो कुछ भी प्रदान करती है, उसकी झूठी और अस्थायी लालच से सावधान रहें। इस वर्ष यह निश्चय करें कि आप उस संकीर्ण मार्ग से कभी विचलित न हों, जो अनन्त जीवन की ओर ले जाता है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं भविष्यवाणी करता हूँ कि मेरा जीवन कभी भी चौड़े मार्ग पर व्यर्थ नहीं जाएगा, इस अनौखे तेल के वर्ष में, मेरी दृष्टि शत्रु की चालाकियों के प्रति और भी जागृत है। शैतान बहुत देर से आया; मैं कभी भी विचलित नहीं हो सकता! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
लूका 13:24

**365 बाइबल चुनौती – दिन 4**
उत्पत्ति 7-9
मत्ती 3

सोमवार, जनवरी 5



# कूद पड़ो!

**मरकुस 9:38-39 (NLT)**
**यूहन्ना ने यीशु से कहा, गुरुजी, हमने देखा कि कोई आपके नाम का प्रयोग करके भूत निकाल रहा था, लेकिन हमने उसे रोकने को कहा क्योंकि वह हमारे समूह में नहीं था। यीशु ने कहा, उसे मत रोको! जो कोई मेरे नाम से चमत्कार करता है, वह जल्द ही मेरे बारे में बुराई नहीं कह पाएगा।**

---

मैं अक्सर अपने छोटे बच्चों को एक-दूसरे की शरारतों पर शिकायत करने में प्रतिस्पर्धा करते देखता था। किसी भी दिन, कम से कम एक, उनमें से कोई रिपोर्ट लाता। मैं कल्पना करता हूँ कि शिष्यों के लिए यह कैसा था जब उन्होंने यीशु को उस व्यक्ति के बारे में बताया जो उनकी नकल कर रहा था। लेकिन उस व्यक्ति को डाँटने के बजाय, यीशु ने उसकी सराहना की।

उस व्यक्ति ने किसी चीज़ का इंतजार नहीं किया, उसने सीधे ही यीशु के नाम में भूतों को निकालना शुरू कर दिया! हमें यह भी नहीं पता कि वह कौन था, लेकिन कितना साहसी योद्धा था! उसने ध्यान से देखा, और जब उसे अवसर मिला, तो उसने वही करना शुरू कर दिया जो यीशु कर रहे थे!

इस वर्ष, किसी चीज़ का इंतजार मत करो। कूद पड़ो! एक शक्तिशाली आत्मिक बेदारी के बढ़ते हुए संकेत इस अनौखे तेल के वर्ष में, दिखाई दे रहे हैं। परमेश्वर की महिमा हो!

**भविष्यवाणी घोषणा**
इस वर्ष, मैं उत्साहपूर्वक उस कार्य में कूदता हूँ जो परमेश्वर कर रहे हैं। मैं वही एक हूँ, वह सैनिक जो यीशु के नाम पर अद्भुत कार्य करेगा। हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
1 कुरिन्थियों 12:3

**365 बाइबल चुनौती – दिन 5**
उत्पत्ति 10-12
मत्ती 4

मंगलवार, जनवरी 6



# दूसरों द्वारा की गई प्रार्थना

**जकर्याह 4:6 (KJV)**
**फिर उसने मुझे उत्तर दिया और कहा, यह परमेश्वर का ज़ेरुब्बाबेल के प्रति वचन है: न तो बल से, न शक्ति से, परन्तु मेरी आत्मा के द्वारा होगा, मुझ सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।**

---

यह एक दुखद वास्तविकता है कि कुछ मसीही सोचते हैं कि जीवन एक मजाक है। वे आत्मिक मामलों में लापरवाह रहते हैं। वे रोज़ केवल तीन मिनट प्रार्थना करते हैं, और उनका काम हो गया, बशर्ते उन्हें प्रार्थना करना याद भी रहे। उन दुर्लभ दिनों में जब वे प्रार्थना करने का निर्णय लेते हैं, तो उनका ध्यान भटकता है। फिर भी, एक चीज़ जो वे कभी नहीं भूलते, वह है दूसरों से उनके लिए प्रार्थना करने को कहना।

देखिए, आपके भयावह सपने तब समाप्त होंगे जब आप व्यक्तिगत प्रार्थना की प्रभावशीलता को समझेंगे। आज का वचन अक्सर आशा के साथ उल्लेखित किया जाता है, क्योंकि लोग घोषणा करते हैं कि परमेश्वर काम करेंगे। लेकिन अगर आपने उनके साथ प्रार्थना में संवाद नहीं किया है तो वे कैसे करेंगे? यदि आपकी सभी प्रार्थनाएं दूसरों को सौंप दी गई है, तो परमेश्वर की आत्मा कैसे अपनी शक्ति दिखाएगी?

अपने आत्मिक जीवन को दूसरों को सौंपना बंद करें। जिम्मेदारी लें और खुद समय निकालकर प्रार्थना करना शुरू करें।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं आज अपने प्रार्थना जीवन की पूरी जिम्मेदारी लेता हूँ। जैसे ही मैं अब प्रार्थना करता हूँ, मैं पूर्ण अधिकार, विजय और लगातार बढ़ती महिमा में चलता हूँ, यीशु के नाम में।

**आगे का अध्ययन**
1 यूहन्ना 5:14

**365 बाइबल चुनौती – दिन 6**
उत्पत्ति 13-15
मत्ती 5:1-26

बुधवार, जनवरी 7




# आज्ञाकारिता चुनो

**फिलिप्पियों 2:8 (KJV)**
**और मनुष्य के रूप में प्रकट होकर अपने आप को दीन किया, और यहां तक आज्ञाकारी रहा, कि मृत्यु, हां, क्रूस की मृत्यु भी सह ली।**

---

गेथसमनी के बगीचे में, जब यीशु को क्रूस पर चढ़ाने से पहले गिरफ्तार किया जाना था, उन्होंने तत्परता से प्रार्थना करते हुए कहा, पिता, यदि तू चाहता है, तो यह प्याला मुझसे दूर कर दे: तथापि मेरी इच्छा नहीं, बल्कि तेरी इच्छा पूरी हो - लूका 22:42। क्या आप देख रहे हैं? प्रभु यीशु इसे करना नहीं चाहते थे; यह एक कठिन काम था जो उन्हें करना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसे फिर भी किया! आज्ञाकारिता यह नहीं है कि आप क्या पसंद करते हैं; यह इस बारे में है कि परमेश्वर आपके लिए क्या पसंद करता है।

आज का वचन सिखाता है कि यीशु का उच्च सम्मान इसलिए हुआ क्योंकि वे मृत्यु तक आज्ञाकारी रहे। सबसे कठिन समय में भी उन्होंने आज्ञाकारिता बनाए रखी। भाइयों और बहनों, जो चमत्कार आप चाहते हैं, वह आज्ञाकारिता के दूसरी ओर है। परमेश्वर की आज्ञा मानना चुनें।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं भविष्यवाणी करता हूँ कि मेरा जीवन उस चीज के प्रति आज्ञाकारी रहेगा जिसे परमेश्वर ने मेरे सामने रखा है। मैं स्वयं को नम्र करता हूँ और परमेश्वर की आत्मा को सभी मामलों में मेरा नेतृत्व करने देता हूँ, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
रोमियो 5:19

**365 बाइबल चुनौती – दिन 7**
उत्पत्ति 16-17
मत्ती 5:27-48

गुरुवार, जनवरी 8



# महान योजना

**यिर्मयाह 29:11 (KJV)**
**क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानि की नहीं, वरन कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा।**

---

यिर्मयाह के पहले पैंतालीस अध्याय यहूदा पर आने वाले न्याय पर केन्द्रित हैं, जो उनके अविश्वास और आज्ञा उल्लंघन के कारण था। वास्तव में, यिर्मयाह को रोने वाला नबी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने समय की अधर्मता का लगातार सामना किया। फिर भी, इन सबके बीच, परमेश्वर कुछ सुंदर घोषणा करते हैं: मैं जानता हूँ कि मैंने तुम्हारे लिए क्या योजना बनाई है, भले की योजना, हानि की नहीं!

यह वचन अराजकता के बीच दैवीय आशा लाता है। अंधकार से भरी दुनिया में भी, परमेश्वर अपनी रोशनी चमकाते हैं। यह वह कृपा और प्रेम है जो परमेश्वर आपके लिए रखते हैं, इसलिए इस अनौखे तेल के वर्ष में, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें यह जानते हुए कि परमेश्वर आपके पापों का रिकॉर्ड नहीं रख रहे हैं। इसके बजाय, वह यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके द्वारा आपके लिए बनाई गई महान योजना सर्वश्रेष्ठ ही है!

इस वचन पर कार्य करें, चाहे दिन में कुछ भी हो।

**भविष्यवाणी घोषणा**
आज मेरे जीवन में कोई विपत्ति नहीं होगी। परमेश्वर की योजनाएं मेरे लिए सिद्ध है, और मैं उस सिद्धता पर खड़ा हूँ, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
फिलिप्पियों 1:6

**365 बाइबल चुनौती – दिन 8**
उत्पत्ति 18-19
मत्ती 6:1-15



शुक्रवार, जनवरी 9

# किसी का निर्माण करो

**1 थिस्सलुनीकियों 5:11 (KJV)**
**इस कारण एक दूसरे को शांति दो, और एक दूसरे की उन्नति के कारण बनो, निदान, तुम ऐसा करते भी हो।**

---

कुछ लोग कलीसिया को केवल इसलिए गंभीरता से लेते हैं क्योंकि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में होते हैं जो उनकी मदद कर सके। वे इसे एक नेटवर्किंग हब के रूप में देखते हैं जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक चीज़ों से जोड़ देगा। कुछ केवल मदद पाने के लिए वहाँ होते हैं, बस। ज़रा कल्पना कीजिए, यदि हर मसीही आज के वचन को सचमुच अपने जीवन में उतार ले, दूसरों की मदद करने की इच्छा को सक्रिय रूप से विकसित करे, बजाय इसके कि हमेशा मदद पाने की चाह रखे, तो मसीह की देह यानी कलीसिया कितनी अधिक मजबूत हो जाएगी!

यदि आपने कभी नजरअंदाज किया हुआ, ठुकराया हुआ या उपेक्षित महसूस किया है, तो सोचें कि अन्य लोग भी वही महसूस कर सकते हैं। इसलिए, उन लोगों के लिए जिम्मेदारी लें जो समान परिस्थितियों में हैं। उन्हें प्रोत्साहित और मजबूत करें। केवल अपने लिए मत जीएं, इस अनौखे तेल के वर्ष में, दूसरों के लिए जिम्मेदार बनें। किसी को आज प्रोत्साहक टेक्स्ट संदेश, कॉल या मुलाकात के माध्यम से ऊपर उठाएं। यही व्यावहारिक मसीही जीवन है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं आज किसी को ऊपर उठाने के लिए एक सहारे के स्तंभ के रूप में उठता हूँ। मेरे भीतर काम कर रही परमेश्वर की कृपा के द्वारा, आज जो भी मुझसे मिलेगा, वह यीशु के नाम में प्रोत्साहित, मजबूत और सामर्थ्य से भरपूर होगा! यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
इब्रानियों 3:13

**365 बाइबल चुनौती – दिन 9**
लूका 1:21-38
भजन संहिता 4-6

शनिवार, जनवरी 10




# क्या आप भरोसेमंद हैं?

**लूका 16:10 (KJV)**
**जो सबसे छोटे काम में विश्वासयोग्य है, वह बड़े काम में भी विश्वासयोग्य है; और जो सबसे छोटे काम में अधर्मी है, वह बड़े काम में भी अधर्मी है।**

---

मैं इस सेवकाई के शुरुआती दिनों को याद करता हूँ। एक युवा भविष्यवक्ता के रूप में, जो अपने मिशन के प्रति पूरी तरह जागरूक था, मैं इस संदेश को पृथ्वी के कोनों तक पहुँचाने के लिए उत्सुक था। काम में एक तात्कालिकता थी, और मुझे जल्दी आगे बढ़ना था। इसके बावजूद, परमेश्वर मुझे अपने विश्वविद्यालय के हर मॉड्यूल, पाठ्यक्रम और व्यावहारिक पाठ से होकर ले गया। मैंने किसी भी कक्षा को कभी नहीं छोड़ा। मैं वही भविष्यवक्ता हूँ, जिसकी कलीसिया में एक साल तक केवल सात सदस्य थे, पर आज मैं स्टेडियम भर रहा हूँ।

आज का वचन छोटी चीजों में विश्वासयोग्यता सिखाता है। सोचिए, यदि मैंने केवल कुछ ही सदस्यों के होने के कारण अपनी बुलाहट को छोड़ दिया होता, तो क्या मैं आज यहां होता? जीवन के किसी भी स्तर पर, विश्वासयोग्य बनें। साबित करें कि आप सबसे छोटे कामों में भी भरोसेमंद हो सकते हैं, और देखिए कि परमेश्वर इस अनौखे तेल के वर्ष में, आपको कैसे ऊँचा उठाता है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं अपने अंदर भरोसेमंद होने की आत्मा की घोषणा करता हूँ। मैं जो कुछ भी करूं, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, उसे श्रेष्ठता की आत्मा के साथ करूँगा, यीशु के नाम में। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
1 कुरिन्थियों 4:2

**365 बाइबल चुनौती – दिन 10**
उत्पत्ति 20-22
मत्ती 6:16-34

रविवार, जनवरी 11



# कलीसिया की मंडली में हत्यारे!

**1 यूहन्ना 3:15 (KJV)**
**जो कोई अपने भाई से बैर रखता है, वह हत्यारा है; और तुम जानते हो, कि किसी हत्यारे में अनन्त जीवन नहीं रहता।**

---

मैं आपको नहीं बता सकता कि कितनी बार मैंने ऐसे लोगों को देखा है जो एक-दूसरे से घृणा करते हैं, फिर भी उसी कलीसिया में बैठते हैं, वही वचन सुनते हैं, वही गीत गाते हैं, और बिना किसी बदलाव के घर लौट जाते हैं। कुछ तो परिवार के सदस्य भी होते हैं, पूरे हफ्ते लड़ते रहते हैं, फिर भी अपने सबसे अच्छे कपड़े पहनकर रविवार को प्रभु के घर जाते हैं।

यदि हम आज के वचन को शाब्दिक रूप में लें, तो एक गंभीर सवाल उठता है: आज कलीसिया में कितने हत्यारे हैं? लोग पुराने रंजिशों को अपने भीतर पालते हैं, कुछ दस साल या उससे अधिक समय से, जबकि दावा करते हैं कि उनके अंदर मसीह का जीवन है।

यीशु ने एक आज्ञा दी थी — एक-दूसरे से प्रेम करो। इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह नफरत के प्रति इतना कठोर रुख अपनाते हैं, क्योंकि यह उनकी आज्ञा के बिल्कुल विपरीत है।

यह नया वर्ष है। प्रेम करना सीखें, अभी शुरू करें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं भविष्यवाणी करता हूँ कि मेरा जीवन प्रेम से भरपूर नया जीवन होगा। मैं इस अनोखे तेल के वर्ष में, किसी के प्रति नफ़रत कभी नहीं रखूँगा, यीशु के नाम में। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यूहन्ना 13:34

**365 बाइबल चुनौती – दिन 11**
उत्पत्ति 23-24
मत्ती 7




# विश्वास मत खोना

**मरकुस 1:11-13 (KJV)**
**और स्वर्ग से यह शब्द हुआ, तू मेरा प्रिय पुत्र है, तुझसे मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ। और तुरन्त आत्मा ने उसे जंगल में भेज दिया। और वह चालीस दिन तक जंगल में रहा, जहां शैतान ने उसकी परीक्षा ली; और वह वन-पशुओं के बीच था, और स्वर्गदूत उसकी सेवा करते थे।**

---

ध्यान दीजिए कि जैसे ही प्रभु यीशु को परमेश्वर का प्रिय पुत्र घोषित किया गया, उन्होंने प्रलोभन का सामना किया। यह मसीही जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि कभी-कभी, कुछ अच्छा होने के तुरंत बाद, आपको तुरंत नकारात्मक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ता है? यही शत्रु का तरीका है। उसका उद्देश्य है कि आप परमेश्वर पर का आपका विश्वास खो दें।

जब परमेश्वर आपकी व्यवसायी, पासबान, जीवनसाथी, विवाह योग्य, या राजनेता के रूप में पुष्टि करता है, तो प्रतिरोध की अपेक्षा करें, यहाँ तक कि दोस्तों और परिवार से भी। यीशु भी आपके जैसे परीक्षाओ में पड़े; उन्होंने जीवन के भयंकर चीजों का सामना किया, बिलकुल आपके जैसा ही, लेकिन उन्होंने विजय पाई!

विश्वास मत खोइए। आप पहले ही विजयी हैं!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं कभी भी विश्वास नहीं खाऊंगा, चाहे मुझे कितने भी प्रतिरोध का सामना करना पड़े। मैंने आध्यात्मिक रेगिस्तानों में हर भयंकर चीजों पर विजय पाई है; मैं मसीह के द्वारा एक विजेता हूँ। हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
1 कुरिन्थियों 10:13
यूहन्ना 16:33

**365 बाइबल चुनौती – दिन 12**
उत्पत्ति 25-26
मत्ती 8:1-17




# निर्माता पर भरोसा करो

**नीतिवचन 3:5 (KJV)**
**तू अपनी समझ का सहारा न लेना, वरन सम्पूर्ण मन से यहोवा पर भरोसा रखना।**

---

मेरे लिए विश्वास और परमेश्वर पर भरोसे से जुड़ा सबसे प्रिय वचन पुरातन काल के पितामह अब्राहम से आता है। वचन में लिखा है, “विश्वास से अब्राहम ने आज्ञा मानी, जब उसे उस स्थान पर जाने के लिए बुलाया गया जिसे बाद में उसे मीरास में पाना था; और वह निकल पड़ा, यह जाने बिना कि वह कहाँ जा रहा है।” (इब्रानियों 11:8)

कुछ पल के लिए कल्पना कीजिए, परमेश्वर आपको कह रहे हैं कि आप अपनी सभी परिचित चीज़ें छोड़ दें और किसी भी दिशा में चलना शुरू करें, बिना किसी योजना के, बिना नक्शे के, बिना पैसों के, कुछ भी नहीं! यह उस हद तक परमेश्वर पर भरोसा करने की बात है जहाँ यह अब आपकी योग्यताओं, संबंधों या अपनी बुद्धिमत्ता की बात नहीं रह जाती। यही वह जगह है जहाँ आज का वचन आता है। कभी न कहें, मुझे सब कुछ पता है। परमेश्वर के पास आपके जीवन के लिए पूर्ण रूपरेखा है, उस पर भरोसा करें, उसी ने आपके जीवन को तैयार किया है!

**भविष्यवाणी घोषणा**
आज से, मैं अपनी सभी योजनाएं, आकांक्षाएँ और इच्छाएं पूरी तरह से परमेश्वर के हाथों में सौंपता हूँ। मैं अपनी प्रत्येक बात में उनके मार्गदर्शन का पालन करूंगा और इसी के द्वारा अग्नि से असफलता का अंत होगा, यीशु के नाम में!

**आगे का अध्ययन**
भजन संहिता 37:3-5

**365 बाइबल चुनौती – दिन 13**
उत्पत्ति 27-28
मत्ती 8:18-34

बुधवार, जनवरी 14




# पॅटर्न

**इब्रानियों 8:5 (KJV)**
**जो स्वर्ग में की वस्तुओं के प्रतिरूप और प्रतिबिम्ब की सेवा करते हैं, जैसे जब मूसा तम्बू बनाने पर था, तो उसे यह चेतावनी मिली, कि देख जो नमूना तुझे पहाड़ पर दिखाया गया था, उसके अनुसार सब कुछ बनाना।**

---

जब आप बाइबल का अध्ययन करते हैं, तो पुराने और नए नियमों में पॅटर्न उभरकर सामने आते हैं। विश्वास के महान पुरुष और महिलाएं एक निश्चित क्रम का पालन करते थे और उन्हें परिणाम मिलते थे। जैसा कि (इब्रानियों 11:32-33) में लिखा है, "दृढ़ विश्वास के द्वारा उन्होंने सिंहों के मुँह बंद कर दिए थे।"

आज का वचन प्रकट करता है कि परमेश्वर पॅटर्न के साथ काम करते हैं। उनके पास चीज़ों को करने का निर्धारित क्रम है। यदि बाइबल के समय में विश्वास परिणाम देता था, तो आज भी देता है। विश्वास एक क्रम, एक पॅटर्न है जो परिणामों की गारंटी देता है। जब आप परमेश्वर के वचन में पुराने समय के लोगों द्वारा प्रमाणित विश्वास के पॅटर्न का पालन करते हैं, तो चीज़ें आपके लिए आश्चर्यजनक रूप से आसान हो जाती हैं।

प्रमाणित विश्वास के पॅटर्न का पालन करें; अभी सही दिन की रूपरेखा तैयार करना शुरू करें। इसे देखें, विश्वास करें, और उस पर कार्य करें। यही पॅटर्न है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं अपने संसार को सबसे बेहतरीन रूप में पुनर्गठित करता हूँ। विश्वास द्वारा, मुझे कोई कमी नहीं, कोई बीमारी नहीं, और समृद्धि मेरा हिस्सा है, इस अनौखे तेल के वर्ष में, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
रोमियो 15:4

**365 बाइबल चुनौती – दिन 14**
उत्पत्ति 29-30
मत्ती 9:1-17

गुरुवार, जनवरी 15




# जादू-टोना और शाप

**सभोपदेशक 10:8 (KJV)**
**जो गड़हा खोदे वह उस में गिरेगा और जो बाड़ा तोड़े उसको सांप डसेगा।**

---

सालों से मुझसे पूछा गया है कि क्या शाप और जादू-टोना किसी मसीही को प्रभावित कर सकते हैं। मेरा उत्तर हमेशा वही रहता है: जब आप नया जनम पाते हैं, तो आप आशीषों के वारिस बनते हैं, शापों के नहीं। कोई भी नया जनम प्राप्त मसीही शापों का शिकार नहीं होना चाहिए; अगर होता है तो यह त्रुटि है। यदि आप वचन में बने रहते हैं और परमेश्वर के सिद्धांतों के अनुसार जीवन जीते हैं, तो आप स्वचालित रूप से शत्रु की योजनाओं से सुरक्षित रहते हैं।

तो फिर कुछ मसीही शापों में क्यों डूबे रहते हैं? आज का वचन इसका उत्तर देता है: वचन के बाहर जीवन जीने से साँपों के लिए दरवाजे खुल जाते हैं। उन्होंने बाड़ा तोड़ दिया है, जिससे साँपों को उनके जीवन तक कानूनी पहुँच मिल गई। नीतिवचन 26:2 कहता है, कि बिना कारण शाप नहीं आएगा। इसका अर्थ है, यदि शाप आता है, तो उसका कोई कारण था।

इस वर्ष वचन में स्थिर बने रहें। अनोखा तेल तभी स्वतंत्र रूप से बहेगा जब बाड़ा सुरक्षित बना रहेगा।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मेरे और मेरे परिवार पर बोले गए कोई भी जादू-टोना या शाप के शब्द यीशु के नाम में टूट गए है! मैं आज से परमेश्वर के वचन में पूरी तरह डूबे रहने का चयन करता हूँ। मेरा बाड़ा अटूट है! हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
नीतिवचन 22:8

**365 बाइबल चुनौती – दिन 15**
उत्पत्ति 31-32
मत्ती 9:18-38

शुक्रवार, जनवरी 16




# थ्रेशिंग फ्लोर - अनाज पिसाई का स्थान

**मत्ती 3:12 (KJV)**
**उसका सूप उसके हाथ में है, और वह अपना खलिहान पूरी तरह साफ करेगा; वह अपने गेहूं को खत्ते में इकट्ठा करेगा, परन्तु भूसी को वह ऐसी आग में जला देगा जो कभी बुझने वाली नहीं है।**

---

जब आप किसी बेकरी के गलियारे से होकर गुजरते हैं, तो ताज़ा बेक हुई ब्रेड की खुशबू और वहाँ रखी तरह-तरह की चीज़ों को नज़रअंदाज़ करना मुश्किल होता है। पर उस चमक-दमक से पहले एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है — थ्रेशिंग, जिसमें गेहूं को भूसे से अलग किया जाता है ताकि उससे उपयोगी आटा तैयार किया जा सके।

आज का वचन आध्यात्मिक थ्रेशिंग फ्लोर की ओर संकेत करता है। आत्मिक जगत में यही वह स्थान है जहाँ शुद्धिकरण होता है, जहाँ आत्मिक सर्जरी होती है; गलत मित्रताओं को हटाया जाता है, लतों को तोड़ा जाता है, और विषैले विचारों को दूर किया जाता है। थ्रेशिंग फ्लोर पर, केवल आप और परमेश्वर होते हैं, यह एक नए मौसम का आरंभ और परमेश्वर के राज्य के कार्यों के प्रति फिर से समर्पण का समय होता है।

यह आपके परिवर्तन का मौसम है। जैसे ही आप परमेश्वर के थ्रेशिंग फ्लोर में कदम रखते हैं, महान कार्यों के लिए अनोखा तेल अभी आप पर बह रहा है!

**भविष्यवाणी घोषणा**
इस थ्रेशिंग फ्लोर पर, मैं परमेश्वर की आत्मा को अनुमति देता हूँ कि वह मुझमें से हर उस चीज को हटा दे जो परमेश्वर के वचन के विपरीत है। मैं हर अंधकार की छाया को आज ही मेरे से दूर जाने का आदेश देता हूँ, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
तीतुस 2:14

**365 बाइबल चुनौती – दिन 16**
लूका 1:39-56
भजन संहिता 7-9

शनिवार, जनवरी 17




# जोर से पुकारो

**मरकुस 10:48 (KJV)**
**बहुतों ने उसे डांटा कि चुप रहे, पर वह और भी पुकारने लगा, कि हे दाऊद की सन्तान, मुझ पर दया कर।**

---

मैं अक्सर कहता हूँ, चुप रहने वाले मसीही, चुपचाप मर जाते हैं। अंधे व्यक्ति की कहानी इसे बहुत सुंदर रूप से दर्शाती है। जब कलीसिया के लोगों ने उसे चुप रहने को कहा, तो वह और भी ज़ोर से पुकारने लगा।

आज, हमारे बीच ऐसे कमजोर मसीही हैं जो केवल इसलिए चर्च जाना छोड़ देंगे क्योंकि किसी ने उन्हें गलत नजर से देखा। बहुत से लोग अपना चमत्कार चाहते हैं, लेकिन कुछ ही इसे सक्रिय रूप से पाने के लिए तैयार हैं क्योंकि वे डरते हैं कि अन्य लोग क्या सोचेंगे। वे आमेन भी ज़ोर से नहीं बोल पाते, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे लोगों का ध्यान उन पर चला जाएगा।

लेकिन उस अंधे व्यक्ति को इस बात की परवाह नहीं थी कि दूसरे लोग या कलीसिया के सदस्य उसके बारे में क्या सोचेंगे, उसका ध्यान केवल यीशु पर था। उसने अपना चमत्कार यीशु में देखा, और अपनी दृढ़ पुकार के द्वारा वह छुड़ाया गया!

आज आप भी अपनी जोरदार पुकार के द्वारा एक विशेष अभिषेक में प्रवेश करें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं यीशु के नाम में अपनी आत्मिक वृद्धि, स्वास्थ्य, समृद्धि, आनंदमय विवाह और असीम सफलता की ओर जोर से पुकारते हुए आगे बढ़ता हूँ! आमेन!

**आगे का अध्ययन**
यहोशू 6:20

**365 बाइबल चुनौती – दिन 17**
उत्पत्ति 33-35
मत्ती 10:1-16

रविवार, जनवरी 18



# कृतज्ञ रहो

**लूका 17:17-18 (KJV)**
**और यीशु ने उत्तर दिया, क्या दस जन शुद्ध नहीं हुए? तो फिर वे नौ कहाँ हैं? केवल यह परदेशी ही क्यों परमेश्वर की महिमा करने लौट आया?**

---

जब भी हम सभाएं करते हैं, चाहे वह एक क्रूसेड हो या रविवार की सेवा, हम हमेशा पहली गवाही की प्रतीक्षा करते हैं। वह पहली गवाही दूसरों के लिए दरवाजा खोल देती है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि कितने लोग परमेश्वर से मदद चाहते हैं, लेकिन बहुत कम लोग लौटकर गवाही देते हैं। ऐसे मामले भी हुए हैं जहाँ किसी ने एक गंभीर सृजनात्मक चमत्कार प्राप्त किया, लेकिन फिर वह व्यक्ति परमेश्वर को महिमा देने के लिए वापस नहीं आया और कभी दोबारा दिखाई भी नहीं दिया। यह दुखद है। देखिए, आज के वचन में यह बात यीशु को कितनी खली।

भाइयों और बहनों, कृतज्ञ हीन होना इस बात का संकेत है कि आपने खुद को परमेश्वर से ऊपर ठहरा दिया है। यह गंभीर घमंड है। कृतज्ञता विनम्रता का चिन्ह है, और यह घमंड को नियंत्रण में रखता है। आज, इसे अपने लिए एक लक्ष्य बनाइए कि आप परमेश्वर ने आपके लिए जो कुछ किया है, उसकी गवाही देंगे। साथ ही, उन लोगों का धन्यवाद करना न भूलें जिन्होंने आपको आज जो आप हैं, वैसा बनने में सहायता की है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं पर्वत शिखरों पर खड़ा होकर अपने जीवन के लिए परमेश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता की गवाही जोर से प्रकट करता हूँ। कृतज्ञ हीनता इस अनोखे तेल के वर्ष में, मेरा हिस्सा नहीं है; मैं इसे यीशु के नाम में अस्वीकार करता हूँ!

**आगे का अध्ययन**
भजन संहिता 145:7

**365 बाइबल चुनौती – दिन 18**
उत्पत्ति 36-38
मत्ती 10:17-42

सोमवार, जनवरी 19




# चिंता करना बंद करो

**मत्ती 6:34 (KJV)**
**सो कल के लिये चिन्ता न करो, क्योंकि कल का दिन अपनी चिन्ता आप कर लेगा; आज के लिये आज ही का दुख बहुत है।**

कुछ मसीही चिंता को इस तरह से प्रस्तुत करते हैं कि वह चिंता न लगे, और कहते हैं, “मैं चिंतित नहीं हूँ, बस थोड़ा नर्वस हूँ।” खैर, चाहे इसे किसी भी नाम से पुकारें, यह फिर भी चिंता ही है। (लूका 10:41) में यीशु ने कहा, “मार्था, मार्था, तू बहुत बातों के लिये चिंतित और व्याकुल है…” क्या आप मार्था की तरह है? आपने साल की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ की, लेकिन फिर चिंता ने जगह बना ली — ट्यूशन फीस, किराया, बिल, रिश्तों और न जाने किन-किन चीजों के बारे में। चिंता से अब तक किसी का क्या भला हुआ है?

चिंता का कारण है गलत स्रोत पर ध्यान लगाना। यदि परमेश्वर, पिता, पक्षियों को भोजन देने और फूलों को वस्त्र पहनाने में आनंद लेता है, तो आप उसके लिए कितने अधिक मूल्यवान है?

आज से निश्चय करें कि अपने जीवन में एक और दिन भी चिंता में नहीं बताएंगे। परमेश्वर की ओर देखें, जो आपकी असीमित पूर्ति का स्रोत है। यह एक नया साल है, विशेष अभिषेक के साथ; यह आपके लिए तभी कार्य करेगा जब आप चिंता करना बंद करेंगे। उस चीज पर विचार करना छोड़ दें और परमेश्वर को करने दें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं किसी भी बात के लिए अपना समय चिंता करने में व्यर्थ नहीं करूँगा, न अभी, न कभी भी, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यशायाह 41:10

**365 बाइबल चुनौती – दिन 19**
उत्पत्ति 39-40
मत्ती 11




# उसे अपने दिमाग से बाहर निकालो

**यशायाह 43:18 (NIV)**
**अब बीती हुई घटनाओं का स्मरण मत करो, न प्राचीन काल की बातों पर मन लगाओ।**

---

शैतान की पसंदीदा रणनीतियों में से एक है आपके मन में विचार बोना। वह आपको बताएगा कि आप कितने बुरे हैं, आप कभी कुछ नहीं बन पाएंगे, और वह यह बात बार-बार दोहराएगा जब तक कि आप उसकी हर झूठी बात पर विश्वास न कर लें।

जब उसने हव्वा से कहा कि यदि वह उस फल को खाएगी तो वह परमेश्वर के समान हो जाएगी, तो वह हव्वा का विचार नहीं था, वह विचार स्वयं शैतान से आया था! याद है उसने एक बार कहा था, मैं अपने आप को परमप्रधान के समान बना दूँगा ? वह वही विचार हव्वा के मन में बो रहा था!

शैतान और उसकी युक्तियों पर ध्यान दें। वह आप में वासना, आत्महत्या और लालच के विचार डालेगा, और यदि आप सावधान नहीं रहे, तो अंततः आप उन पर कार्य करेंगे। एक बार जब आप उन पर कार्य कर लेते हैं, तो वह आपको वहीं बनाए रखने के लिए कुछ भी करेगा। उसे अपने मन में मुफ्त में मत रहने दें, उसे अपने दिमाग से बाहर निकाले !

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं अपने मन से हर उस बुरे विचार को हटा देता हूँ जो परमेश्वर का नहीं है। मेरे पतन की हर योजना उड़ान भरने से पहले ही समाप्त हो जाती है, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
2 कुरिन्थियों 10:5

**365 बाइबल चुनौती – दिन 20**
उत्पत्ति 41-42
मत्ती 12:1-21




# एक शराबी से सबक

**प्रेरितों के काम 2:4 (KJV)**
**और वे सब पवित्र आत्मा से भर गए, और जिस प्रकार आत्मा ने उन्हें बोलने की सामर्थ दी, वे अन्य अन्य भाषा बोलने लगे।**

---

क्या आपने कभी किसी शराबी को अपना दिन बिताते हुए देखा है? वह कचरे के ढेर को देखकर खुशी-खुशी उसमें ऐसे लेट सकता है जैसे वह बिस्तर हो, या व्हीलचेयर पर बैठे व्यक्ति को धक्का दे सकता है, यह सोचकर कि वह भाग जाएगा। हालांकि हम शराब पीने का समर्थन नहीं करते, लेकिन यहां एक सबक सीखने योग्य है।

(इफिसियों 5:18) कहता है, "...दाखमधु पीकर मतवाले न बनो, क्योंकि उसमें लुचपन होता है; पर आत्मा से परिपूर्ण होते जाओ।" पवित्र शास्त्र इस तुलना को एक कारण से करता है। एक शराबी व्यक्ति चीज़ों को दूसरों की तरह नहीं देखता। वह अपने कर्मों पर नियंत्रण नहीं रखता; बल्कि शराब उस पर हावी रहती है। उसी प्रकार जब आप आत्मा से भर जाते हैं, तो आप उसकी अगुवाई में आ जाते हैं। आप अपना जीवन उसके नियंत्रण में सौंप देते हैं, और वह आपका मार्गदर्शन करने लगता है। तब आप चीजों को अलग दृष्टि से देखना शुरू करते हैं, सामर्थ के साथ बोलते हैं, और अलौकिक चमत्कारों की घोषणा करते हैं जो वास्तव में प्रकट होते हैं।

निर्णय लें कि इस वर्ष का हर दिन आत्मा से परिपूर्ण दिन होगा।

**भविष्यवाणी घोषणा**
आत्मा से परिपूर्ण व्यक्ति के रूप में, मैं अपने 2026 में देखता हूँ कि सब कुछ सुचारू रूप से चलेगा और गवाहीयों की बहुतायत होगी, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
इफिसियों 3:19

**365 बाइबल चुनौती – दिन 21**
उत्पत्ति 43-45
मत्ती 12:22-50

गुरुवार, जनवरी 22




# अपने माता-पिता का आदर करो

**इफिसियों 6:1-2 (AKJV)**
**हे बालकों, प्रभु में अपने माता पिता के आज्ञाकारी बनो, क्योंकि यह उचित है। अपनी माता और पिता का आदर कर यह पहिली आज्ञा है, जिस के साथ प्रतिज्ञा भी है।**

---

परमेश्वर का वचन बच्चों और उनके माता-पिता के संबंध के बारे में निर्देश देते हुए बहुत स्पष्ट है। मैं चाहता हूँ कि आप ध्यान दें कि पद 1 और 2 दो अलग-अलग प्रकार के माता-पिता के बारे में बात करते हैं। ये पद दोहराव नहीं हैं, बल्कि इनमें एक सीख छिपी है। पहला पद उन आत्मिक माता-पिता के प्रति आज्ञाकारिता की बात करता है जिन्हें परमेश्वर ने आपके ऊपर रखा है, और दूसरा पद आपके शारीरिक माता-पिता के बारे में बात करता है।

जब आप अपने माता-पिता, चाहे आत्मिक हों या शारीरिक, का अपमान करते हैं, तो यह आपके जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। सफलता तो मिल सकती है, लेकिन वह स्थायी नहीं रहती; जीवन में बार-बार उतार-चढ़ाव, हानि और अस्थिरता आने लगती है। अपने माता-पिता का आदर करना एक दिव्य आज्ञा है जो सुखमय जीवन की गारंटी देती है! इसलिए आज ही उनका सम्मान करें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
आज से, मैं अपने आत्मिक और शारीरिक माता-पिता की आज्ञा मानने और उनका आदर करने में और अधिक प्रयास करूंगा। जब वे मुझे आशीष देते हैं और मेरी देखभाल करते हैं, तो मेरा जीवन सही मार्ग पर स्थापित हो जाता है, और मैं हर बात में विजय पाता हूँ, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
नीतिवचन 6:20

**365 बाइबल चुनौती – दिन 22**
उत्पत्ति 46-48
मत्ती 13:1-30

शुक्रवार, जनवरी 23



# मेरे भीतर असाधारण जीवन

**यूहन्ना 21:25 (KJV)**
**और भी बहुत से काम हैं, जो यीशु ने किए; यदि वे एक एक करके लिखे जाते, तो मैं समझता हूं, कि पुस्तकें जो लिखी जातीं वे जगत में भी न समातीं।**

---

यीशु का जीवन एक असाधारण जीवन था जो अलौकिक चमत्कारों और ऐसे अद्‌भुत कार्यों से भरा था जिन्हें पहले कभी नहीं देखा गया था। कल्पना कीजिए, किसी ने केवल दो मछलियों और पाँच रोटियों से पाँच हज़ार लोगों को खिला दिया, या लार और मिट्टी का उपयोग करके किसी की आँख बना दी। उस पर कैसी अद्‌भुत अभिषेक की शक्ति थी? वही शक्ति अब आपके भीतर है!

बाइबल में दर्ज चमत्कारों का उद्देश्य आपको प्रेरित करना है ताकि आप उस अनोखे तेल के अभिषेक का उपयोग अपने जीवन में करें। ऐसा कुछ भी नहीं है जो आप करने में सक्षम न हो। सर्वशक्तिमान परमेश्वर आपके भीतर है, आज ही उस असाधारण जीवन को सक्रिय करें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मुझ पर अनोखे तेल के अभिषेक द्वारा मैं इतनी गवाही दूँगा कि उन चमत्कारों का हिसाब रखना मुश्किल हो जाएगा। मेरा जीवन सबसे श्रेष्ठ है, किसी से कम नहीं! परमेश्वर की महिमा हो। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यूहन्ना 20:30-31

**365 बाइबल चुनौती – दिन 23**
लूका 1:57-80
भजन संहिता 10-12

शनिवार, जनवरी 24



# मेरी छाया सामर्थी है

**प्रेरितों के काम 5:15 (KJV)**
**यहां तक कि लोग बीमारों को सड़कों पर ला लाकर, खाटों और खटोलों पर लिटा देते थे, कि जब पतरस आए, तो उसकी छाया ही उनमें से किसी पर पड़ जाए।**

---

मैंने लोगों को अज्ञानता में यह कहते सुना है कि, "चमत्कार अब नहीं होते; वे केवल बाइबल के समय के लिए थे।" यह सच्चाई से बहुत दूर है। (इब्रानियों 13:8) हमें बताता है कि परमेश्वर कल, आज और सदा एक समान है! यदि उसने बाइबल के समय में चमत्कार किए, तो वह आज भी वही कर रहा है!

आज के वचन पर ध्यान दें। जो व्यक्ति परमेश्वर को नहीं जानता, वह इसे कभी समझ नहीं पाएगा। क्या किसी की छाया कभी किसी को चंगा कर सकती है? फिर भी, हमने अपनी सेवकाई में यह अनगिनत बार देखा है कि जब विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोग मेरी छाया के पास से गुजरते हैं, तो गवाही की बाढ़ सी आने लगती है। यह क्या है? यह एक अभिषेक है, और यह वर्ष उसी के प्रकट होने का है!

इस वर्ष, तुम्हारी छाया भी अद्भुत कार्य करेगी! यह आसान है क्योंकि तुम्हें उसी प्रकार बनाया गया है!

**भविष्यवाणी घोषणा**
सामर्थ्य मुझसे प्रवाहित होता है। जैसे ही मैं आज अपने दिन में कदम रखता हूँ, केवल मेरे उपस्थित होने से ही हर चीज़ सिद्ध रूप से कार्य करेगी, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
लूका 8:43-48

**365 बाइबल चुनौती – दिन 24**
उत्पत्ति 49-50
मत्ती 13:31-58

रविवार, जनवरी 25



# हदे पार

**लूका 1:37 (KJV)**
**क्योंकि परमेश्वर के साथ कुछ भी असंभव नहीं होगा।**

---

हम इस वचन को गाते हैं, इसकी घोषणा करते हैं, टी-शर्ट पर छपवाते हैं, पोस्टर बनाते हैं और अपने घरों में इसे सजावट के रूप में उपयोग करते हैं, लेकिन क्या हम वास्तव में इस पर विश्वास करते हैं?

एक ऐसी बात जिसने मसीहियों के मन को सचमुच भ्रमित कर दिया है, वह है ऐसी दुनिया में बड़े होना जहाँ लोगों को यह सिखाया जाता है कि हदों में रहना सामान्य बात हैं। बचपन से ही स्कूलों में बच्चों को अलग-अलग श्रेणियों में बाँट दिया जाता है जो तथाकथित तेज़ बच्चों को बाकी से अलग कर देती हैं। यही से कई लोग यह मानने लगते हैं कि वे सीमित हैं और बहुत बुद्धिमान नहीं हैं। जब वे नौकरी पाते हैं, तो उन्हें तुरंत श्रेणीबद्ध कर दिया जाता है और यह तय कर दिया जाता है कि वे क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते।

मसीही लोग यह सोच लेकर कलीसिया में भी आते हैं। वे ऐसे मन के साथ आते हैं जो पहले से ही हदों में रहने के आदी हो चुका है, और वे उन हदों को परमेश्वर पर भी थोप देते हैं। उन्हें यह स्वीकार करने में कठिनाई होती है कि परमेश्वर अजीब और अद्भुत चमत्कार कर सकता है। परमेश्वर की कोई हद नहीं है। आज अपने मन को नया करें और जान लें कि वह सब कुछ कर सकता है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
परमेश्वर के लिए कुछ भी कठिन नहीं है। मेरी हर एक प्रार्थना और विनती आज की आराधना सभा में पूरी होगी, यीशु के नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यिर्मयाह 32:17

**365 बाइबल चुनौती – दिन 25**
निर्गमन 1-3
मत्ती 14:1-21

सोमवार, जनवरी 26




# घमंड तोड़ दो

**प्रकाशितवाक्य 19:15 (WEB)**
**उसके मुँह से एक तीखी दोधारी तलवार निकलती है, जिससे वह जातियों को मार डालेगा। वह लोहे की छड़ी से उन पर राज्य करेगा। वह सर्वशक्तिमान परमेश्वर के प्रचंड क्रोध के रसकुंड को रौंदता है।**

---

विजय देखे जाने से पहले बोली जाती है। तुम्हारा मुँह वह द्वार है जिससे तलवार निकलती है। मुंह के लिए ग्रीक शब्द स्टोमा है, जिसका अर्थ है तलवार की धार। तुम्हारा मुंह एक हथियार है; यह एक बड़ी भीड़ को गिरा सकता है। परमेश्वर ने तुम्हारे शब्दों को इतना सामर्थी बनाया है कि वे एक कुशल सर्जन के चाकू से भी अधिक सटीक हैं।

जब तुम प्रार्थना करते हो और घोषणा करते हो, तो अपनी पवित्र कल्पना का उपयोग करके अपनी आत्मा की आँखें खोलो। उस समस्या को टुकड़ों में कटते हुए देखो। अपने शरीर को सताने वाली उस गांठ पर एक आत्मिक ऑपरेशन करो, उससे बात करो और यीशु के नाम में उसे काट दो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम्हारे विरुद्ध कौन सी भीड़ खड़ी है, कर्ज़, बीमारी, विलंब, या शैतानी दबाव। विश्वास से भरे हुए, सटीक शब्दों का उपयोग करके हर शत्रु का घमंड तोड़ दो! इस अनोखे तेल के वर्ष में, लगातार बोलते रहो और काटते रहो जब तक कि हर प्रतिरोध गिर न जाए।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं भागने से इंकार करता हूँ; मेरा मुँह वह हथियार है जो विरोध को खदेड़ता है। मेरे वचन, जो पवित्र आत्मा की शक्ति से भरे हैं, मेरे चारों ओर की हर शैतानी संरचना को नष्ट कर देते हैं। मैं बोलता हूँ, और बाधाएं यीशु के नाम में काटकर छोटी कर दी जाती हैं! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
इब्रानियों 4:12

**365 बाइबल चुनौती – दिन 26**
निर्गमन 4-6
मत्ती 14:22-36

मंगलवार, जनवरी 27




# विवेक और आहार

**यशायाह 7:15 (NKJV)**
**और जब तक वह बुरे को त्यागना और भले को ग्रहण करना न जाने तब तक वह मक्खन और मधु खाएगा।**

---

क्या आप जानते हैं कि आपका आहार आपके विवेक को निर्धारित करता है? यशायाह ने यीशु के आहार के बारे में भविष्यवाणी की थी मक्खन और शहद जो विवेक के प्रशिक्षण के लिए था: ताकि वह बुराई को अस्वीकार करना और भलाई को चुनना जान सके - याडा : अनुभव के द्वारा जानना। दुनिया कहती है, आप वही हैं जो आप खाते हैं। पर बाइबल की दृष्टि से, आप जैसे खाते हैं, वैसे ही जानते हैं। आप जो निरंतर ग्रहण करते हैं वचन, परामर्श, मीडिया या आदतें, वही आपकी आत्मिक प्रतिक्रिया को या तो तीक्ष्ण करती हैं या मंद कर देती हैं। जैसे शारीरिक रूप से आहार आपकी क्षमता को आकार देता है, उसी प्रकार आत्मिक रूप से परमेश्वर के वचन का आहार आपके स्वभाव को इस प्रकार सामंजस्य में लाता है कि बुराई को अस्वीकार करना और भलाई को चुनना स्वाभाविक बन जाता है।

अपने आहार को सावधानी से चुनें। अपने दिन को आत्मा के लिए मक्खन और शहद से भरिए, अर्थात वचन, आराधना और बुद्धिमान लोगों की बातों से। उन स्रोतों से दूरी बनाइए जो आपके निर्णय को धुंधला कर देते हैं। किसी भी निर्णय से पहले, वचन को चखिए उसे पढ़िए, मनन कीजिए और स्वीकार कीजिए। आपका आहार ही आपके आचरण को आकार दे, और आपकी भूख आपके विवेक को प्रशिक्षित करे।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं वचन का आहार ग्रहण करता हूँ। और मेरी इंद्रियां प्रशिक्षित हैं। मैं जानता हूँ कि बुराई को ठुकराना और भलाई को चुनना है। मेरी इच्छाएँ स्वर्ग के अनुरूप हैं; मेरा निर्णय तीक्ष्ण है, और मेरे कदम निश्चित हैं, यीशु के नाम में। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
इब्रानियों 5:14

**365 बाइबल चुनौती – दिन 27**
निर्गमन 7-8
मत्ती 15:1-20



बुधवार, जनवरी 28

# चुगली से सावधानी

**नीतिवचन 18:8 (MSG)**
**चुगली सुनना सस्ते मिठाई खाने जैसा है; क्या तुम सच में ऐसा कचरा अपने भीतर भरना चाहते हो?**

---

चुगली शक्ति को क्षीण कर देती है! परमेश्वर किसी को चुगली रोकने का अभिषेक नहीं देता वह कलीसिया को उसे दूर करने की आज्ञा देता है। चुगली करने वाले विश्वास को खोखला करते हैं, ध्यान को भंग करते हैं, और जो कार्य परमेश्वर कर रहा है उसे नष्ट कर देते हैं।

वचन हथियार हैं। गलत मुँह में वे टुकड़ों में बिखरे घातक गोले बन जाते हैं! सस्ती मिठाई के वितरण का माध्यम बनने से इनकार करें। यदि कोई व्यक्ति बार-बार आपको चुगली के टुकड़े खिलाता रहता है, तो वह आपका मित्र नहीं वह आपके कानों का उपयोग अपने मतलब के लिए कर रहा हैं।

यह रहा इस अनोखे तेल के वर्ष में, अपनी आत्मा की रक्षा करने तरीके को अपनाएं:
पीछे हटें: बार-बार गलती करने वालों से दूरी बनाएं। निकटता ही अनुमति होती है।
दिशा बदलें: उसके बजाय, "आइए हम उनके लिए प्रार्थना करें।" यदि कोई कहानी प्रार्थना में टिक नहीं सकती, तो उसे बताया भी नहीं जाना चाहिए।
इनकार करें: "मैं इस पर चर्चा करने वाला व्यक्ति नहीं हूँ।" दरवाजा विनम्र लेकिन दृढ़ता से बंद करें।
बदल दे: अपने मुँह को प्रार्थना, वचन और समाधान से भरें। उस चीज को बनाएं जिसे शत्रु तोड़ने की कोशिश करता है।

### भविष्यवाणी घोषणा

मैं चुगली और उसे फैलाने वालों से अलग हो जाता हूँ। मेरे कान सत्य के द्वार हैं, मेरा मुँह निर्माण करता है, चंगा करता है और आशीर्वाद देता है। मैं जीवन बोलता हूँ, कलह को बंद करता हूँ, और परमेश्वर के घर की एकता की रक्षा करता हूँ, यीशु के नाम में!

**आगे का अध्ययन**
रोमियो 16:17–18

**365 बाइबल चुनौती – दिन 28**
निर्गमन 9-11
मत्ती 15:21-39



# अपने बादलों को भरें

**सभोपदेशक 11:3 (KJV)**
**जब बादल वर्षा से भर जाते हैं, तो वे पृथ्वी पर वर्षा करते हैं; और यदि पेड़ दक्षिण की ओर या उत्तर की ओर गिरता है, तो जहाँ वह पेड़ गिरता है, वहीं वह पड़ा रहता है।**

---

एक मसीही के रूप में, आप प्रार्थना के द्वारा किसी भी बात को बदल सकते हैं, प्रार्थना के द्वारा किसी भी आत्मिक द्वार को तोड़ सकते हैं, प्रार्थना के द्वारा शैतानी गोदामों पर अधिकार कर सकते हैं, और प्रार्थना के द्वारा राष्ट्रों पर प्रभुत्व ले सकते हैं। आपके द्वारा बोले गए वचनों के माध्यम से आप एक आत्मिक अभ्यास करते हैं जिसमें आप अपनी आवश्यकता के अनुसार बादलों को भरते हैं।

यह महत्वपूर्ण नहीं है कि अर्थव्यवस्था कितनी खराब है; अगर आपके बादल पानी से भरे हैं, तो वे अनिवार्य रूप से आपके ऊपर समृद्धि बरसाएंगे! यह वह वर्ष है जब आप ऐसे शब्द बोलेंगे जो आपके स्वास्थ्य, नौकरी, विवाह, शहर या आपके संबंध में किसी भी चीज़ में बदलाव लाएँगे। वातावरण में शब्दों की घोषणा करें और देखें कि आपके बादल पानी से भर रहे हैं। जब तक बारिश शुरू नहीं होती मेरे भाईयो और बहनो, बोलना बंद मत करो, लगातार कहते रहो, और आप निश्चित रूप से प्रचुरता देखेंगे!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मेरे शब्द शक्तिशाली हैं। जैसे ही मैं इस अनोखे तेल के वर्ष में, बोलता हूँ और नियंत्रण लेता हूँ, चमत्कार, संकेत, और अद्भुत कार्य मेरे परिवार और मेरे राष्ट्र पर बरस रहे हैं। बदलाव मेरी प्रार्थनाओं के कारण आया है। हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
यशायाह 45:8

**365 बाइबल चुनौती – दिन 29**
निर्गमन 12-13
मत्ती 16

शुक्रवार, जनवरी 30




# सामर्थ

**लूका 9:1 (KJV)**
**फिर उस ने बारहों को बुलाकर उन्हें सब दुष्टात्माओं और बीमारियों को दूर करने की सामर्थ और अधिकार दिया।**

---

हर मसीही ने अपने जीवन में किसी न किसी समय प्रार्थना में सामर्थ मांगी है। लेकिन क्या आपने कभी अपने आप से पूछा कि मसीह में सामर्थ वास्तव में क्या है? मैं आपको परिभाषा देता हूँ: सामर्थ वह गतिशील, अंतर्निहित क्षमता है जो परिवर्तन लाने में सक्षम होती है। यह वह शक्ति है जो स्वयं को पुनः उत्पन्न करती है, ऐसी शक्ति जिसे ठोस परिणामों के साथ देखा जा सकता है।

यीशु ने हमें बताया कि उन्होंने हमें सभी दानवों पर सामर्थ और अधिकार दिया है और बीमारियों को ठीक करने की क्षमता दी है। काश आप इसे समझ पाते! यदि आप जानते और समझते कि यह दिव्य क्षमता आपके आत्मा में मौजूद है ताकि आपकी परिस्थितियों में बदलाव लाया जा सके, तो आप उतना दबे या पीड़ित नहीं होते, जितना आप आज हैं।

यह गतिशील, जीवन बदलने वाली सामर्थ अभी आपके भीतर है। यदि आप नया जन्म पाए हैं, तो यह आपके लिए उपलब्ध है। बस विश्वास करें, और आज ही इसे कार्य में लाएं!

### भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने चारों ओर की हर मरी हुई परिस्थिति से कहता हूँ, जी उठो! जो कुछ भी निष्क्रिय था, वह अब कार्य करने लगे, यीशु के नाम में मुझे दी गई सामर्थ के द्वारा! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यूहन्ना 14:12

**365 बाइबल चुनौती – दिन 30**
लूका 2:1-26
भजन संहिता 13-15




शनिवार, जनवरी 31

# आप एक वातावरण हैं

**लूका 10:5 (KJV)**
**जिस किसी घर में जाओ, पहिले कहो, कि इस घर पर कल्याण हो।**

---

परमेश्वर के हर पुत्र के पास एक वातावरण होता है। आज का वचन इसे प्रमाणित करता है। यदि आपके पास वातावरण बदलने की क्षमता नहीं होती, तो परमेश्वर कभी आपको शांति वितरित करने के लिए नहीं कहता। जब आप किसी जगह पर प्रवेश करते हैं और शांति बोलते हैं, तो उसी क्षण से शांति का मौसम वहाँ शासन करने लगता है। जहाँ पहले अशांति या गंभीर संकट था, केवल आपके प्रवेश से ही वहाँ शांति बहाल हो जाती है।

शांति वह सामर्थ है जो बुरी परिस्थितियों और घटनाओं पर अधिकार रखती है। जब आप इस अलौकिक शक्ति को अपने हृदय में धारण करते हैं, तो आप सबसे भयंकर तूफानों के बीच भी स्थिरता ले आते हैं। जब लोग आपको देखते हैं और वे कठिन समय से गुजर रहे होते हैं, तो जैसे ही आप, यानी वह वातावरण, वहाँ पहुँचते हैं, उस स्थान में अचानक आनंद भर जाता है। विजय का एक माहौल चारों ओर छा जाता है, और सारी आशा फिर से जीवित हो उठती है! इस अनोखे तेल के वर्ष में, आप स्वयं एक वातावरण हैं इसलिए अपनी इस अलौकिक शक्ति का पूरा उपयोग करें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं आज जहाँ भी अपने पाँव रखता हूँ, सबसे पहले अपने घर से शुरू करते हुए, वहाँ शांति की घोषणा करता हूँ। मैं एक वातावरण हूँ, और जहाँ भी जाता हूँ, सुसमाचार और शुभ समाचार लेकर जाता हूँ। हालेलुयाह! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
2 थिस्सलुनीकियों 3:16

**365 बाइबल चुनौती – दिन 31**
निर्गमन 14-15
मत्ती 17

रविवार, फ़रवरी 1




# स्वभाव से दानी

**2 कुरिन्थियों 9:8 (NLT)**
**और परमेश्वर सब प्रकार का अनुग्रह तुम्हें बहुतायत से दे सकता है जिस से हर बात में और हर समय, सब कुछ, जो तुम्हें आवश्यक हो, तुम्हारे पास रहे, और हर एक भले काम के लिये तुम्हारे पास बहुत कुछ हो।**

---

मैं अक्सर कहता हूँ, यदि तुम किसी धनी परिवार से नहीं आए हो, तो यह सुनिश्चित करो कि एक धनी परिवार तुमसे निकले। पर प्रश्न यह है की कैसे? पूरी पवित्र शास्त्र में हम देखते हैं कि हमारे उदार परमेश्वर से असाधारण आशीष पाने की कुंजी है देना! यह जितना सरल सुनाई देता है, उतना ही गहरा है, जब तुम देते हो, तो तुम्हारा देना परमेश्वर को प्रेरित करता है कि वह तुम्हारे जीवन पर और अधिक आशीष उंडेले, क्योंकि तुम परमेश्वर से बढ़कर नहीं दे सकते।

कई मसीही एक गलती करते हैं, वे देने के स्थान पर प्रार्थना, उपवास और संगति को रख देते हैं। याद रखो, तुम राजाओं के राजा के साथ लेन-देन कर रहे हो, और यह एक राजसी सिद्धांत है, कोई सांसारिक राजा भी उसे उपहार देने वाले से अधिक देने की कोशिश करता है!

इस अनोखे तेल के वर्ष में, अपनी वित्तीय स्थिति में परमेश्वर पर भरोसा रखकर, देने का अभ्यास करो, और देखो कैसे परमेश्वर तुम्हें तुम्हारी कल्पना से भी बढ़कर आशीष देता है!

**भविष्यवाणी घोषणा**
आज से मैं एक उत्साही और निडर देनेवाला बनूँगा! देने के मामले में मैं कभी पीछे नहीं हटूंगा। इसलिए मेरा जीवन यीशु के नाम में निरंतर समृद्ध होता रहेगा! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
रोमियो 8:32

**365 बाइबल चुनौती – दिन 32**
निर्गमन 16-18
मत्ती 18:1-20

सोमवार, फ़रवरी 2



# व्यक्तिगत बेदारी

**प्रेरितों के काम 5:14 (NLT)**
**और विश्वास करने वाले बहुतेरे पुरुष और स्त्रियां प्रभु की कलीसिया में और भी अधिक आकर मिलते रहे।**

---

बेदारी व्यक्तिगत होती है। यह यीशु के लिए अपने भीतर की आग को फिर से प्रज्वलित करने की प्रक्रिया है। आप बेदारी पाकर पहले जैसे नहीं रह सकते। जैसे ही आपके भीतर बेदारी आती है, आपका प्रभु के प्रति उत्साह बढ़ जाता है, आपकी आत्मिकता गहराई प्राप्त करती है, आपका वचन अध्ययन जीवन ऊँचाइयों पर पहुँचता है, आपका प्रार्थना जीवन सक्रिय हो उठता है, और उपवास केवल कलीसिया के अगुवों के लिए नहीं रह जाता बल्कि आप स्वयं उसमें सक्रिय हो जाते हैं।

बेदारी परमेश्वर की बातों के प्रति अतृप्त भूख की मांग करती है। एक जागृत पात्र स्वामी के उपयोग के लिए होता है और जीवित रहने के लिए समझौता करने से इंकार करता है, जैसे तीन इब्रानी युवकों ने नबूकदनेस्सर की मूरत के आगे झुकने से इनकार कर दिया था। उन्हें जलती भट्ठी में फेंक दिया गया, फिर भी परमेश्वर ने उन्हें आच्छादित किया, और वे बिना किसी हानि के बाहर निकले। जब आप परमेश्वर के लिए खड़े होते हो, तो वह आपके लिए खड़ा होता है। इस अनोखे तेल के वर्ष में, यही मानसिकता अपना लो।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर का बुलाया हुआ हूँ, उसका काम करने वाला हूँ, इसलिए मुझे लज्जित होने की आवश्यकता नहीं है। मैं जहाँ भी जाऊँगा, बिना किसी भय के, दृढ़तापूर्वक परमेश्वर का वचन सुनाऊँगा, क्योंकि मेरी निष्ठा राजाओं के राजा के प्रति है! हालेलुयाह!

**आगे का अध्ययन**
प्रेरितों के काम 19:18

**365 बाइबल चुनौती – दिन 33**
निर्गमन 19-21
मत्ती 18:21-35



GoodNews DAILY

# रेगिस्तान का अनुभव

**मत्ती 4:1 (KJV)**
**तब उस समय आत्मा यीशु को रेगिस्तान में ले गया ताकि इब्लीस से उस की परीक्षा हो।**

---

नया नियम हमारे जीवन के विषय में पिता की इच्छा को प्रकट करता है। यीशु परमेश्वर की इच्छा में चलने का एक सिद्ध, चमकता हुआ उदाहरण हैं, फिर भी उन्हें रेगिस्तान में ले जाया गया ताकि शैतान द्वारा उनकी परीक्षा ली जा सके।

प्राचीन समय में, महान राजाओं और प्रतिष्ठित वंशों ने अपने उत्तराधिकारियों के लिए विरासतें स्थापित की थी, ताकि उनका धन और नाम पीढ़ियों तक बना रहे। जिन लोगों का उस विरासत पर अधिकार था, पर जिन्होंने अभी तक उसे ग्रहण नहीं किया था, उन्हें स्पष्ट उत्तराधिकारी कहा जाता था। दुख की बात है कि बहुत से मसीही अपने पूरे जीवन में अपनी दिव्य विरासत को प्राप्त नहीं करते, क्योंकि वे सांसारिक सुखों को छोड़ने और पूरी तरह परमेश्वर के प्रति समर्पित होने में संघर्ष करते हैं।

इतिहास में, वैध उत्तराधिकारी अक्सर अपनी बाल्यावस्था में होते थे, यही कारण है कि बाइबल देह की इच्छाओं में फंसे लोगों को बच्चा कहती है! जब तक आप इस संसार के क्षणिक सुखों से चिपके रहते हैं, तब तक आप अपनी दिव्य विशेषाधिकारों से नीचे जीवन जीते रहेंगे। सच्ची परिपक्वता तब शुरू होती है जब आप मसीह में अपनी पूरी विरासत को स्वीकार करते हैं!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मसीह ने जो विरासत मुझे दी है, वह धन या प्रसिद्धि से कहीं अधिक मूल्यवान है। परमेश्वर ने मुझे सफलता के लिए स्थापित किया है! मैं संसार को अस्वीकार करता हूँ और असाधारण लोगों में अपनी जगह लेता हूँ। कमी मेरा पता नहीं जानती, यीशु के सामर्थी नाम में!

**आगे का अध्ययन**
गलातियों 4:3

**365 बाइबल चुनौती – दिन 70**
गिनती 31-32
मरकुस 8:1-21

गुरुवार, मार्च 12




# भिखारी चुन नहीं सकते

**प्रकाशित वाक्य 1:6 (KJV)**
**और हमें एक राज्य और अपने पिता परमेश्वर के लिये याजक भी बना दिया; उसी की महिमा और पराक्रम युगानुयुग रहे। आमेन।**

---

परमेश्वर ने अपने बच्चों को राजा और याजक बनाया है! आपके आत्मिक प्रशिक्षण का एक मुख्य भाग इस सरल परन्तु गहरी सच्चाई को समझना है, राजा भीख नहीं मांगते! आपने शायद यह कहावत सुनी होगी, भीख मांगने वाले चुन नहीं सकते। अर्थात यदि आप स्वयं को भिखारी की तरह प्रस्तुत करते हैं, हमेशा हताश, कम में संतुष्ट और निर्भर, तो आप परिस्थितियों के अधीन हो जाते हैं और परमेश्वर के सर्वोत्तम परिणाम को चुनने की शक्ति खो देते हैं।

परमेश्वर ने आपको हर परिस्थिति पर अधिकार करने की सामर्थ दी है।

इस वर्ष, अनौखे तेल के अभिषेक का उपयोग करके हर परिस्थिति पर विजय प्राप्त करें। परमेश्वर की संतान के रूप में, आपको अपने जीवन को इस प्रकार जीना है जो उस राजसी अधिकार, अनुग्रह और समृद्धि को प्रतिबिंबित करे जो आपकी पहचान के अनुरूप है। संसार के समान जीवन जीना शरीर के मनुष्य के लिए पर्याप्त हो सकता है, परन्तु परमेश्वर का बुलावा आपके लिए उससे कहीं ऊँचा है। राजा की तरह चलिए, भिखारी की तरह नहीं!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं राजघराने से हूँ! दुनिया और उसकी व्यवस्थाएँ मेरे अधीन हैं। मैं कभी कमी या उदासी में नहीं रह सकता। मुझे अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए परमेश्वर से भीख मांगने की जरूरत नहीं है; वह पहले ही कर चुका है। विजय मेरी है!

**आगे का अध्ययन**
1 पतरस 2:9

**365 बाइबल चुनौती – दिन 71**
गिनती 33-34
मरकुस 8:22-38




# संपूर्ण समृद्धि

**2 कुरिन्थियों 8:9 (KJV)**
**तुम हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह जानते हो, कि वह धनी होकर भी तुम्हारे लिये कंगाल बन गया ताकि उसके कंगाल हो जाने से तुम धनी हो जाओ।**

---

यह अनौखे तेल का वर्ष है, मसीही जीवन में दरिद्रता के लिए कोई स्थान नहीं है! हालांकि यह कथन कुछ लोगों को चुनौतीपूर्ण या विवादास्पद लग सकता है, परंतु पवित्रशास्त्र इस आत्मिक और शारीरिक सच्चाई की पुष्टि करता है। परमेश्वर के संतान इस संसार की प्रणालियों के अधीन नहीं हैं। वास्तव में, हमें तो स्वर्गीय राज्य की पूर्ण समृद्धि और भरपूरी को इस पृथ्वी पर स्थापित करने के लिए बुलाया गया है।

आप निर्धनता चुन सकते हैं, यदि आप मसीह द्वारा अपने लिए क्रूस और पुनरुत्थान के माध्यम से प्राप्त की गई बातों की उपेक्षा करते हैं और अपनी दिव्य पहचान से नीचे जीवन जीते हैं। या फिर आप यह चुन सकते हैं कि आप उनके द्वारा पूरी की गई हर प्रतिज्ञा की भरपूरता में चलें। प्रभु में आपकी विरासत ऐसा जीवन है जहाँ अभाव, रोग, और दुर्भाग्य का कोई ठिकाना नहीं, यह है पूर्ण समृद्धि का जीवन!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं जो कुछ भी करता हूँ उसमें समृद्धि पाता हूँ! मैं गरीबी और उस जीवन को अस्वीकार करता हूँ जो मसीह ने मेरे लिए सुरक्षित किए गए उपहारों का अपमान करता है। मेरी संपत्ति और प्रगति की कोई सीमा नहीं है। इस वर्ष अवसरों और आशीषों के द्वार मुझे खोज ही लेंगे!

**आगे का अध्ययन**
यूहन्ना 10:10

**365 बाइबल चुनौती – दिन 72**
लूका 5:1-39
भजन संहिता 29-31

शनिवार, मार्च 14



# प्रेम वितरक

**1 यूहन्ना 4:20 (NIV)**
**यदि कोई कहे, कि मैं परमेश्वर से प्रेम रखता हूं; और अपने भाई से बैर रखे; तो वह झूठा है: क्योंकि जो अपने भाई से, जिसे उसने देखा है, प्रेम नहीं रखता, तो वह परमेश्वर से जिसे उसने नहीं देखा, प्रेम नहीं रख सकता।**

---

क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि कितने लोग यह दावा करते हैं कि वे अपने सम्पूर्ण हृदय और आत्मा से प्रभु से प्रेम करते हैं? परन्तु यदि वह प्रेम उन लोगों के प्रति प्रकट नहीं होता जिन्हें वे देख सकते हैं, तो वह प्रेम असिद्ध रहता है। शास्त्र स्पष्ट कहता है, यदि आप किसी एक व्यक्ति से भी घृणा रखते हैं, तो आपका यह दावा कि आप परमेश्वर से प्रेम करते हैं, असत्य है! मसीह के प्रति समर्पण का दावा करना आसान है, परन्तु सच्चा प्रेम इस बात में प्रकट होता है कि आप दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

कई लोग सोचते हैं कि उन्होंने शास्त्र में वादा की गई आशीषों का अनुभव क्यों नहीं किया, यह जाने बिना कि परमेश्वर की दृष्टि में वे उन लोगों में गिने ही नहीं जाते जो वास्तव में उससे प्रेम करते हैं। क्यों? क्योंकि उनके हृदय में अपने पड़ोसी के प्रति घृणा भरी होती है। यहाँ तक कि सबसे अप्रिय व्यक्ति से भी प्रेम करें, इसलिए नहीं कि वे इसके योग्य हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि मसीह ने पहले आपसे प्रेम किया, आपकी सबसे खराब स्थिति में भी।

### भविष्यवाणी घोषणा
मैं प्रेम बाँटने वाला हूँ! दूसरों के प्रति मेरा प्रेम इस बात का प्रमाण है कि परमेश्वर मेरे लिए कौन हैं। घृणा, लालच और कड़वाहट मुझमें कभी नहीं पाए जाएँगे! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
रोमियो 5:8

**365 बाइबल चुनौती – दिन 73**
गिनती 35-36
मरकुस 9:1-32




# दोषी पाया गया

**नहूम 1:3 (NIV)**
**यहोवा विलम्ब से क्रोध करने वाला और बड़ा शक्तिमान है; वह दोषी को किसी प्रकार निर्दोष न ठहराएगा॥ यहोवा बवंडर और आंधी में हो कर चलता है, और बादल उसके पांवों की धूल है।**

---

सच्चे मसीही का स्वभाव होता है जल्दी क्षमा करना और उन लोगों से भी प्रेम करना जो इसके योग्य नहीं हैं, क्योंकि यही प्रेम हमें सबसे पहले यीशु मसीह के द्वारा क्रूस पर दिखाया गया था। हालांकि यह हर मसीही के लिए एक सच्चाई है, फिर भी बहुत से लोग इस ईश्वरीय आचरण को गलत समझते हैं और इसे दुश्मन के हमलों के सामने निर्बलता या निष्क्रियता मान लेते हैं। लेकिन यह सच्चाई से बहुत दूर है!

आज का वचन हमें बताता है कि परमेश्वर कभी भी उन लोगों को बिना दंड के नहीं छोड़ेगा जो आपके विरुद्ध लड़ते हैं। जब आप अपनी सारी चिंताएँ और मामले ब्रह्मांड के न्यायी परमेश्वर को सौंप देते हैं, तो निश्चिंत रहें, वह आपके शत्रु के अपराधों के अनुसार न्याय करेगा। आप ऐसे परमेश्वर की सेवा करते हैं जो सामर्थ में महान है! इसलिए इस बात की चिंता न करें कि मनुष्य आपके साथ क्या करेगा, परमेश्वर स्वयं आपके साथ हुए हर अन्याय का प्रतिफल देगा!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मेरे खिलाफ काम कर रहा हर शत्रु दोषी है! मुझ पर अनौखे तेल के अभिषेक द्वारा, मेरे खिलाफ रची गई हर बुरी योजना आग से दंडित की जाएगी, यीशु के नाम पर! मैं विजेता हूँ!

**आगे का अध्ययन**
व्यवस्थाविवरण 32:4

**365 बाइबल चुनौती – दिन 74**
व्यवस्थाविवरण 1-3
मरकुस 9:33-50




# खाली अस्पताल वार्ड

**यशायाह 53:5 (KJV)**
**परन्तु वह हमारे ही अपराधो के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्म के कामों के हेतु कुचला गया; हमारी ही शान्ति के लिये उस पर ताड़ना पड़ी कि उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो जाएं।**

---

परमेश्वर की संतान होने के नाते, दिव्य स्वास्थ्य आपका अधिकार है, जो मसीह ने अपनी पुनरुत्थान के माध्यम से आपके लिए सुनिश्चित किया। बीमारी, दुर्बलता और अस्पतालों के चक्कर लगाना कभी भी परमेश्वर की योजना का हिस्सा नहीं था। शैतान की हर चाल को अस्वीकार करें जो आपके या आपके परिवार के जीवन में बीमारी लाने की कोशिश करती है, क्योंकि मसीह ने आपके लिए पूर्ण स्वास्थ्य का मूल्य पहले ही चुका दिया है!

जब आप इस सत्य में चलते हैं, तब परमेश्वर आपको उस ही आरोग्य देने वाली सामर्थ का वाहक और वितरक बनने के लिए बुलाता है, ताकि आप जरूरतमंदों तक चंगाई पहुंचा सकें। परमेश्वर ने आपको हर प्रकार की बीमारी और दुर्बलता पर अधिकार दिया है। अब यह आपका कर्तव्य है कि बीमारों को चंगाई दें और उन्हें अंधकार से निकालकर परमेश्वर के महिमामय प्रकाश में लाएं, जब तक हर आपातकालीन कक्ष, अस्पताल और पुनर्वास केंद्र खाली न हो जाएँ!

**भविष्यवाणी घोषणा**
परमेश्वर ने मुझे दिव्य स्वास्थ्य से भरपूर जीवन दिया है! उन्होंने मुझे यह सामर्थ्य दी है कि मैं उसी चंगाई की शक्ति को उन लोगों तक बाँट सकूँ जिन्हें इसकी आवश्यकता है! बीमारी और रोग मेरे परिवार में असामान्य हैं, यीशु के नाम में!

**आगे का अध्ययन**
मरकुस 16:17–18

**365 बाइबल चुनौती – दिन 75**
व्यवस्थाविवरण 4-6
मरकुस 10:1-31



GoodNews DAILY

# परमेश्वर का जीपीएस

**फिलिप्पियों 1:6 (KJV)**
**और मुझे इस बात का भरोसा है, कि जिस ने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा।**

---

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम - जी.पी.एस उपग्रह संकेतों का उपयोग करके आपकी सही स्थिति बताता है और आपको आपके गंतव्य तक पहुँचने में मार्गदर्शन करता है। इसकी सबसे अद्भुत विशेषताओं में से एक यह है कि यह आपको सही मार्ग पर ले आता है। चाहे आप कितनी भी गलत दिशा में क्यों न मुड़े, यह हमेशा आपको आपके अंतिम गंतव्य की ओर वापस सही रास्ते पर ले आता है।

एक मसीही के लिए, परमेश्वर भी इसी तरह कार्य करते हैं। चाहे आपने कितनी भी गलतियां की हो, या गलत रास्ते चुने हों, वह निरंतर काम कर रहे हैं ताकि आपको उस दिशा में वापस लाएं जिसके लिए मसीह ने आपको बुलाया है। अपने अतीत से स्वयं को परिभाषित न करें। परमेश्वर अपना ध्यान आपकी गलतियों पर नहीं लगाते; वह हर कदम पर आपको पुनर्स्थापित करने और सही मार्ग पर वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**भविष्यवाणी घोषणा**
जब मैं उस मार्ग पर चलता हूँ जो मसीह ने मेरे लिए निर्धारित किया है, तब सफलता सुनिश्चित है। मेरे पिछले गलत निर्णयों के बावजूद, मुझे पूर्ण विश्वास है कि मसीह ने जो भला कार्य मुझ में आरंभ किया है, वह उसे उसकी पूर्णता तक पहुंचाएंगे, यीशु के सामर्थी नाम में!

**आगे का अध्ययन**
प्रकाशितवाक्य 29:1

**365 बाइबल चुनौती – दिन 76**
व्यवस्थाविवरण 7-9
मरकुस 10:32-52



# तूफान की आँख

**प्रकाशितवाक्य 3:15-16 (KJV)**
**कि मैं तेरे कामों को जानता हूं कि तू न तो ठंडा है और न गर्म: भला होता कि तू ठंडा या गर्म होता। सो इसलिये कि तू गुनगुना है, और न ठंडा है और न गर्म, मैं तुझे अपने मुंह में से उगलने पर हूं।**

---

मौसम विज्ञान में, शक्तिशाली तूफान जैसे कि हरिकेन, तब बनते हैं जब गर्म और ठंडी हवा आपस में टकराती है, जिससे वायुमंडलीय अस्थिरता उत्पन्न होती है। यह हिंसक हवाओं, मूसलाधार वर्षा और अव्यवस्थित दाब प्रणालियों को जन्म देता है। फिर भी, इन सबके बीच तूफान की आँख होती है, एक भ्रामक शांति जो विनाश से घिरी होती है।

उसी प्रकार, जब हम परमेश्वर की बातों में कभी गर्म तो कभी ठंडे रहते हैं, तो यह आत्मिक अशांति और अस्थिरता उत्पन्न करता है। आधे-अधूरे मन से जीना, देखने में तो शांत लग सकता है, पर यह आपकी शांति, उद्देश्य और परमेश्वर के साथ संबंध को नष्ट कर देता है। इस अनौखे तेल के नए वर्ष में, अपना ध्यान पूर्ण रूप से उसी पर केंद्रित करें। परमेश्वर के लिए पूरी तरह आग से जलते रहें, और आप अपने जीवन में उसकी अनगिनत अद्‌भुतताओं को साकार होते देखेंगे!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं गुनगुना जीवन जीने से इनकार करता हूँ! मैं उस जीवन में पूरी तरह समर्पित हूँ जो मसीह ने मुझे दिया है। परमेश्वर के लिए जीकर, मैं अपने जीवन से दुर्भाग्य और विनाश के तूफानों को दूर कर रहा हूँ। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
याकूब 1:8

**365 बाइबल चुनौती – दिन 77**
व्यवस्थाविवरण 10-12
मरकुस 11

गुरुवार, मार्च 19



GoodNews DAILY

# जंगली पशुओं के बीच वचन

**मरकुस 1:13 (NIV)**
**और जंगल में चालीस दिन तक शैतान ने उस की परीक्षा की; और वह वन पशुओं के साथ रहा; और स्वर्गदूत उस की सेवा करते रहे।**

---

अलगाव प्रकाशन से पहले आता है! उत्पत्ति से लेकर प्रकाशित वाक्य तक, अलगाव हर उस विचलन या ध्यान भंग को दूर करने के लिए आवश्यक है जो परमेश्वर की दिशा से हमें भटका सकता है। लगभग हर महान बाइबल पात्र ने अपने बुलाहट की पूर्ण अभिव्यक्ति में प्रवेश करने से पहले एकांत में समय बिताया, ताकि वे दिव्य निर्देश प्राप्त कर सकें। पौलुस ने तीन वर्ष अरब में बिताए, मूसा ने चालीस वर्ष जंगल में, और यीशु ने चालीस दिन निर्जन स्थान में। यह कोई संयोग नहीं था, यह उनके कानों को परमेश्वर के वचन के प्रति संवेदनशील बनाने का आवश्यक माध्यम था।

अलगाव का अर्थ है, शोर को शांत करना, भले ही वह आपके चारों ओर हो, और अपना ध्यान उस पर केंद्रित करना जो परमेश्वर आपके आत्मा में रखना चाहते हैं। अपने एकांत के समय में, यीशु ने अनेक ध्यानभंगों का सामना किया, दुष्ट आत्मा के आक्रमणों से लेकर जंगली पशुओं तक, फिर भी वे केंद्रित रहे। उसी स्थान पर, आत्मिक और शारीरिक विरोध की तीव्रता के बीच, स्वर्गदूतों ने उनकी सेवा की। अनौखे तेल के वर्ष में अलगाव को चुनें।

**भविष्यवाणी घोषणा**
जब मैं परमेश्वर की सुनने के लिए समय निकालता हूँ, चाहे मेरे चारों ओर जंगली पशु हों या ध्यान भटकाने वाली बातें, तब भी मैं सामर्थ्य पाता हूँ और स्वर्ग से सहायता प्राप्त करता हूँ!

**आगे का अध्ययन**
मत्ती 6:6

**365 बाइबल चुनौती – दिन 78**
व्यवस्थाविवरण 13-15
मरकुस 12:1-27




# मधुमक्खी का छत्ता

**नीतिवचन 13:20 (KJV)**
**बुद्धिमानों की संगति कर, तब तू भी बुद्धिमान हो जाएगा, परन्तु मूर्खों का साथी नाश हो जाएगा।**

---

मधुमक्खी की सफलता और जीवित रहने की क्षमता उस संगति पर निर्भर करती है जिसमें वह रहती है। छत्ते में हर मधुमक्खी की एक भूमिका होती है, काम करने वाली मधुमक्खियां, रस एकत्र करती हैं, पालन करने वाली, नवजातों की देखभाल करती हैं, रक्षक पहरा देते हैं, और रानी अंडे देती है ताकि पूरा समुदाय बना रहे। यदि एक भी असफल हो जाए, तो पूरे छत्ते की सुरक्षा और स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। इसी प्रकार, परमेश्वर की संतान होने के नाते, हम अक्सर यह कम आंकते हैं कि गलत लोगों के साथ रहना हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डाल सकता है।

अपने मसीह के साथ चलने को एक आत्मिक छत्ता समझिए, जहाँ हर व्यक्ति को इस प्रकार रखा गया है कि वह आपको आपके बुलाहट की दिशा में आगे बढ़ाएं। गलत प्रभावों को अपने जीवन में आने देना, अनजाने में आपकी आत्मिक वृद्धि को बाधित कर सकता है और आपके जीवन की दिशा को बिगाड़ सकता है। शास्त्र चेतावनी देता है कि मूर्खों की संगति विनाश की ओर ले जाती है। इसलिए समझदारी से चुनें। अपने चारों ओर ऐसे लोगों को रखें जो परमेश्वर के राज्य को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित और समर्पित हों। आपकी नियति इतनी मूल्यवान है कि उसे लापरवाह संबंधों पर जोखिम में नहीं डाला जा सकता।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं बुद्धि में चल रहा हूँ! मैं अपने आपको हर मूर्खतापूर्ण प्रभाव से अलग करता हूँ। मेरे संबंध स्वर्गीय मानकों को प्रतिबिंबित करते हैं। मैं अपने आपको ईश्वरनिष्ठ, केंद्रित और प्रेरित लोगों के साथ जोड़ता हूँ, ठीक मेरी ही तरह!

**आगे का अध्ययन**
1 कुरिन्थियों 15:33

**365 बाइबल चुनौती – दिन 79**
लूका 6:1-24
भजन संहिता 32-34

शनिवार, मार्च 21




# मनुष्यों की शिक्षाएं

**मरकुस 7:13 (KJV)**
**इस प्रकार तुम अपनी रीतियों से, जिन्हें तुम ने ठहराया है, परमेश्वर के वचन को निष्फल कर देते हो; और ऐसे ऐसे बहुत से काम करते हो।**

---

लाखों मसीही इसलिए पीड़ित होते हैं क्योंकि वे मनुष्यों के शब्दों या परंपराओं को लेकर उन्हें सिद्धांत बना लेते हैं। पवित्र शास्त्र स्पष्ट रूप से दिखाता है कि उन कुछ बातों में से एक, जो परमेश्वर के वचन को निष्फल कर सकती हैं, वह है, मनुष्य की बनाई हुई परंपराओं को परमेश्वर के अचूक वचन से ऊपर उठाना। जिस शरीर का आप पृथ्वी पर उपयोग करते हैं, वह केवल एक कवच है; आपका वास्तविक स्वरूप आत्मा है। इसका अर्थ यह है कि आपके देश, नगर या परिवार की संस्कृति परमेश्वर के वचन के उच्चतम अधिकार के अधीन है।

यदि सांसारिक संस्कृति गरीबी, कटुता, अवसाद या ऐसे किसी भी विचार को बढ़ावा देती है जो परमेश्वर के मानक के विपरीत है, तो उन्हें अस्वीकार करें। ऐसे विचारों का उद्देश्य आपको उन आशीषों और आत्मिक वास्तविकताओं से वंचित करना है जो वचन में प्रकट की गई हैं। जिस क्षण आपने मसीह को ग्रहण किया, उसी क्षण आप उत्कृष्टता और पृथ्वी तथा आत्मिक क्षेत्रों पर प्रभुत्व की संस्कृति में पुनर्जन्मे है। आज उसी उत्कृष्टता में चलिए!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं इस दुनिया की परंपराओं को अस्वीकार करता हूँ! हर विश्वास या रीति-रिवाज जो शास्त्र पर आधारित नहीं है, उसका मुझ पर कोई अधिकार नहीं। परमेश्वर का वचन मेरे जीवन में अंतिम अधिकार है; मैं आज इसके पूर्णत्व में चल रहा हूँ!

**आगे का अध्ययन**
कुलुस्सियों 2:8

**365 बाइबल चुनौती – दिन 80**
व्यवस्थाविवरण 16-18
मरकुस 12:28-44

रविवार, मार्च 22




# आनंद चुराने वाला

**यशायाह 60:22 (NLT)**
**छोटे से छोटा एक हजार हो जाएगा और सब से दुर्बल एक सामर्थी जाति बन जाएगा। मैं यहोवा हूं; ठीक समय पर यह सब कुछ शीघ्रता से पूरा करूंगा।**

---

एक कहावत है, तुलना आनंद की चोर है। यह सरल वाक्य एक गहरी बाइबिल की सच्चाई को प्रकट करता है। बहुत से मसीही अपनी अस्थायी आर्थिक, वैवाहिक या व्यावसायिक परिस्थितियों की दूसरों से तुलना करके अपनी शांति और आनंद खो देते हैं। शास्त्र हमें आश्वासन देता है कि परमेश्वर हमारे लिए केवल सर्वोत्तम ही चाहता और निर्धारित करता है। एक बुद्धिमान और सर्वज्ञ पिता के रूप में, वह जानता है कि कौन-सा समय, कौन-सा तरीका और कौन-सा मौसम हमारे आशीर्वादों को प्रकट करने के लिए सर्वोत्तम है।

संघर्ष का अर्थ यह नहीं कि परमेश्वर ने आपको छोड़ दिया है, और न ही इसका यह अर्थ है कि आपके आगे महान दिन नहीं हैं। अपने जीवन को कभी असफलता के साथ मत जोड़िए। दूसरे आगे बढ़ते हुए दिख सकते है, परन्तु दौड़ तेज़ चलने वालों की नहीं होती। परमेश्वर ने आपके जीवन के लिए एक परिपूर्ण, व्यक्तिगत योजना बनाई है, जो निश्चित आशीषों से भरी हुई है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने जीवन की तुलना दूसरों के जीवन से नहीं करता हु! मुझे पता है कि परमेश्वर की मेरे लिए एक अनोखी और विशेष योजना है। इस अनोखे तेल के वर्ष में, मैं कभी लज्जित या निराश नहीं होऊँगा; मैं उस परमेश्वर की सेवा करता हूँ जो बातें घटित करता है! हालेलूयाह!

**आगे का अध्ययन**
सभोपदेशक 9:11

**365 बाइबल चुनौती – दिन 81**
व्यवस्थाविवरण 19-21
मरकुस 13:1-20

सोमवार, मार्च 23




# अधर्मियों से ईर्ष्या करना

**भजन संहिता 37:1-2 (NIV)**
**कुकर्मियों के कारण मत कुढ़, कुटिल काम करने वालों के विषय डाह न कर! क्योंकि वे घास की नाईं झट कट जाएंगे, और हरी घास की नाईं मुर्झा जाएंगे।**

---

कई लोग इस गलत धारणा के अधीन जीवन व्यतीत करते हैं कि कलीसिया सामाजिक रूप से संसार से पीछे है, जिसके कारण वे अंधकार के राज्य में उच्च पदों पर बैठे लोगों की प्रशंसा करने लगते हैं। परन्तु पवित्र शास्त्र स्पष्ट रूप से कहता है, कोई व्यक्ति चाहे अत्यधिक धन और प्रभाव रखता हो, पर जब तुम जानते हो कि तुम कौन हो और किसके हो, तो किसी भी मनुष्य की स्थिति तुम्हारी तुलना में फीकी पड़ जाती है।

अधर्मियों की प्रशंसा करके तुम स्वयं को उनके प्रभाव के अधीन कर देते हो, और इस प्रकार शैतान के प्रभाव में धीरे-धीरे धार्मिकता के स्थान पर सांसारिक आदतें अपना लेते हो। मसीह में तुम्हारे पास अंधकार से जुड़े किसी भी व्यक्ति की तुलना में कहीं अधिक धन, प्रतिष्ठा और अधिकार है। तुम न केवल अधिक सुसज्जित हो, बल्कि दुश्मन की हर चुनौती पर विजय पाने के लिए हज़ार गुना अधिक तैयार और समर्थ हो!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं अधर्मियों की जीवन शैली से ईर्ष्या करने से इंकार करता हूँ! मैं कभी शत्रु के प्रभाव के आगे नहीं झुकूँगा। चाहे संसार के लोग कितनी भी शक्ति रखते हो, मैं उस परमेश्वर की सेवा करता हूँ जो उन सब से बड़ा और महान है! प्रभु की स्तुति हो। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
1 यूहन्ना 4:4

**365 बाइबल चुनौती – दिन 82**
व्यवस्थाविवरण 22-24
मरकुस 13:21-37






# यह सब आप पर निर्भर है

**याकूब 1:22 (NLT)**
**परन्तु वचन पर चलने वाले बनो, और केवल सुनने वाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं।**

---

क्या आप जानते हैं कि आपका जीवन-स्तर, विशेषकर समृद्धि और स्वास्थ्य के विषय में, पूरी तरह आप पर निर्भर करता है? चाहे आप परमेश्वर के प्रति कितने भी विश्वासयोग्य या समर्पित क्यों न हों, वह केवल ऐसे ही आपको स्वास्थ्य या धन का उपहार नहीं देंगे। ये पुरस्कार नहीं हैं, बल्कि उसके वचन को अपने जीवन में लागू करने के परिणाम हैं।

परमेश्वर ने आपको अपना वचन इसलिए दिया है ताकि जब आप उसे अपने जीवन में लागू करें, तो उसकी हर प्रतिज्ञा आपके जीवन में प्रकट हो जाए। फिर भी, बहुत से मसीही इस सिद्धांत को न समझ पाने के कारण एक गलत धारणा अपना लेते हैं कि, अच्छे लोगों के साथ बुरी बातें हमेशा होती हैं।

सच्चाई यह है कि परमेश्वर के प्रति आपका समर्पण निश्चित रूप से मूल्यवान है, लेकिन वही आपके मसीही जीवन की गुणवत्ता निर्धारित नहीं करता, बल्कि वचन के सिद्धांतों का पालन उसकी गुणवत्ता निर्धारित करता है। परमेश्वर पहले ही आपको अपने जीवन को बदलने की शक्ति और अधिकार दे चुके हैं। असली प्रश्न यह है, क्या आप उसका उपयोग करेंगे?

**भविष्यवाणी घोषणा**
मेरी सफलता पूरी तरह मुझ पर निर्भर है! परमेश्वर ने पहले ही मुझे सफल होने के लिए आवश्यक सभी साधन प्रदान कर दिए हैं। इस वर्ष, मैं वह सब उपयोग करूंगा जो उसने मुझे दिया है, यीशु के सामर्थी नाम में! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
लूका 10:19

**365 बाइबल चुनौती – दिन 83**
व्यवस्थाविवरण 25-27
मरकुस 14:1-36

बुधवार, मार्च 25



# जो तुम देखते हो, वही तुम्हें मिलता है

**यहोशू 6:2 (KJV)**
**फिर यहोवा ने यहोशू से कहा, सुन, मैं यरीहो को उसके राजा और शूरवीरों समेत तेरे वश में कर देता हूं।**

---

भौतिक संसार पर आत्मिक संसार में घटने वाली बातों का शासन होता है। इसलिए, जो कुछ मसीह ने आपको दिया है, उसे प्राप्त करने से पहले आपको उसे आत्मिक रूप में देखना होगा, शारीरिक आँखों से नहीं, बल्कि आत्मा की आँखों से। यही राज्य के प्रमुख सिद्धांतों में से एक है।

आज के पद में यहोशू यरीहो की लड़ाई से पहले की घटनाओं का वर्णन करता है। किसी भी सेना को आगे बढ़ाने या किसी हथियार को उठाने से पहले, परमेश्वर ने पहले ही घोषित कर दिया था कि वह नगर उसके हाथों में दे दिया गया है। यहोशू को बस पहले उसे आत्मिक रूप में देखना था।

परमेश्वर ने पहले ही वह सब कुछ जारी कर दिया है जिसकी आपको समृद्ध और फलवन्त होने के लिए आवश्यकता है। प्रार्थना और उसके वचन के अध्ययन के माध्यम से उसे आत्मिक क्षेत्र में प्रकट होते हुए देखें, और निश्चय ही वह भौतिक क्षेत्र में आकार लेगा।

### भविष्यवाणी घोषणा
मैं देखता हूँ कि समृद्धि, दिव्य स्वास्थ्य, अवसरों की खिड़कियाँ और आशीर्वाद मेरे हाथ में दे दिए गए हैं! मैंने अपने जीवन के हर क्षेत्र में शत्रु के खिलाफ युद्ध पहले ही जीत लिया है। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
उत्पत्ति 13:14–15

**365 बाइबल चुनौती – दिन 84**
व्यवस्थाविवरण 28-29
मरकुस 14:37-72

गुरुवार, मार्च 26




# परमेश्वर क्या कहते हैं?

**अय्यूब 22:28 (KJV)**
**तू जिस बात का निश्चय करेगा, और वह तेरे लिये स्थिर होगी; और तेरे मार्ग पर ज्योति चमकेगी।**

---

कई मसीहियों ने वचन में बताए गए हमारे शब्दों की शक्ति के सच्चे अर्थ और महत्व को गलत रूप में प्रस्तुत किया है। अंगीकार केवल सकारात्मक बने रहने या नकारात्मकता से बचने का विषय नहीं है, यह आपके शब्दों को परमेश्वर के वचन की सच्चाई के साथ संरेखित करने का विषय है। आज का पद हमें याद दिलाता है कि जब हम परमेश्वर के वचन के अनुसार बातें घोषित करते हैं, तो हम उसकी इच्छा को भौतिक संसार में सक्रिय करते हैं।

अंगीकार तोते की तरह बिना सोच के बार-बार दोहराना नहीं है; यह तभी सामर्थी होता है जब आपके शब्द वही प्रतिबिंबित करते हैं जो परमेश्वर आपके बारे में कहता है। तो वह क्या कहता है? वह कहता है कि वह इसलिये आया ताकि आप समृद्ध हों और उत्तम स्वास्थ्य में रहें; कि आपको प्रधानताओं और शक्तियों पर अधिकार दिया गया है; और कि आप इस संसार के नहीं हैं। इसे निडरता से घोषित करें! यह केवल आत्मिक रूप से सत्य नहीं है, बल्कि आपके लिए भौतिक जगत में भी वास्तविक है।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं जो शब्द बोलता हूँ, वे पूरी तरह परमेश्वर के वचन के अनुरूप हैं। जैसे ही मैं शास्त्र के अनुसार अपने जीवन के बारे में घोषणा करता हूँ, मैं उन सत्यताओं को भौतिक रूप में प्रकट करता हूँ, यीशु के नाम में। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
2 कुरिन्थियों 4:13

**365 बाइबल चुनौती – दिन 85**
व्यवस्थाविवरण 30-31
मरकुस 15:1-24



शुक्रवार, मार्च 27

# सुविधा बनाम आस्था

**2 तीमुथियुस 4:2 (KJV)**
**कि तू वचन को प्रचार कर; समय और असमय तैयार रह, सब प्रकार की सहनशीलता, और शिक्षा के साथ उलाहना दे, और डांट, और समझा।**

---

इन अंतिम दिनों में, पूरी दुनिया में सेवक लोग इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि आत्माओं को जीतना, अर्थात लोगों को अंधकार से निकालकर परमेश्वर के प्रिय पुत्र, यीशु मसीह, के प्रकाश में लाना, कितना महत्वपूर्ण कार्य है। परन्तु बहुत से मसीही केवल तब सुसमाचार बाँटते हैं जब उन्हें सुविधा महसूस होती है, न कि तब जब पवित्र आत्मा उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। आज का पद हमें स्मरण दिलाता है कि हमारा कर्तव्य है, हर समय, चाहे अवसर अनुकूल हो या नहीं, अपने विश्वास को बांटने के लिए तैयार रहना।

परमेश्वर हमारे बनाए समय-सारिणी के अनुसार कार्य नहीं करते। जब पवित्र आत्मा आपको बोलने के लिए प्रेरित करे, तो सही समय का इंतज़ार मत करें, तुरंत आज्ञा मानें! यीशु, जो हमारे सिद्ध उदाहरण हैं, उन्होंने निर्भीकता से वचन बोला, चाहे विरोधी कितने ही क्यों न रहे हों। शास्त्र जो स्पष्ट करता है, उसमें कभी समझौता न करें। जब आत्मा किसी को सुसमाचार सुनाने के लिए आपको प्रेरित करे, तो उस आवाज को अनदेखा न करें। सुविधा पर नहीं, दृढ़ विश्वास पर चलना चुनें।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं हमेशा तैयार हूं कि यीशु मसीह का संदेश किसी भी व्यक्ति तक, कहीं भी और कभी भी पहुंचा सकूं। अस्वीकृति का डर कभी भी दूसरों की मदद करने के मेरे विश्वास को नहीं रोक सकेगा। यीशु की तरह, मैं सुविधा नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास को चुनता हूं। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
1 पतरस 3:15

**365 बाइबल चुनौती – दिन 86**
व्यवस्थाविवरण 32-34
मरकुस 15:25-47

शनिवार, मार्च 28



# परिस्थितियों से ऊपर

**रोमियो 12:2 (NIV)**
**और इस संसार के सदृश न बनो; परन्तु तुम्हारी बुद्धि के नये हो जाने से तुम्हारा चाल-चलन भी बदलता जाए, जिस से तुम परमेश्वर की भली, और भावती, और सिद्ध इच्छा अनुभव से मालूम करते रहो।**

---

प्राकृतिक संसार से परे एक ऐसा क्षेत्र है, महिमा का क्षेत्र, जहाँ परमेश्वर का वचन सर्वोच्च आधार है। इस उच्चतर वास्तविकता में केवल वही नियम कार्य करते हैं जो परमेश्वर के वचन से आते हैं। मसीह के द्वारा अब आप उसी क्षेत्र के हैं, और परमेश्वर ने आपको अपना वचन दिया है ताकि वह आपको इस संसार की परिस्थितियों से ऊपर जीवन जीने के लिए प्रशिक्षित करे। इसलिए कभी मत कहिए, मैं परिस्थितियों के अधीन हूँ, क्योंकि वह आपकी सच्चाई नहीं हो सकती। मसीह में, आप हर बुरी परिस्थिति से ऊपर जीवन जीते हैं।

इस उच्चतर जीवन में पूर्ण रूप से चलने के लिए आवश्यक है कि आपका मन प्रतिदिन परमेश्वर के वचन के अधीन रहे। जब आप अपने शरीर को परमेश्वर की दिव्य सच्चाई के अधीन करते हैं, तब आप संसार की बीमारी, अभाव, निराशा और दुर्भाग्य के बंधनों से मुक्त हो जाते हैं, और समृद्धि और उन्नति की नई वास्तविकता में प्रवेश करते हैं।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं परिस्थितियों से ऊपर जीवन जीता हूँ! मैं उस जीवन में चलता हूँ जो संसार की परेशानियों से बहुत ऊपर है। मैं परमेश्वर की महिमा के क्षेत्र में जन्मा हूँ! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
इफिसियों 2:6

**365 बाइबल चुनौती – दिन 87**
यहोशू 1-3
मरकुस 16

रविवार, मार्च 29



# जैसा पिता, वैसा पुत्र

**2 कुरिन्थियों 3:18 (KJV)**
**परन्तु जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का प्रताप इस प्रकार प्रकट होता है, जिस प्रकार दर्पण में, तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी तेजस्वी रूप में अंश अंश कर के बदलते जाते हैं।**

---

प्रभु यीशु ने पृथ्वी पर इस रूप में जीवन नहीं बिताया कि वे अपनी पूरी महिमा में परमेश्वर के पुत्र हैं, बल्कि उन्होंने मनुष्य के पुत्र के रूप में जीवन बिताने का चुनाव किया। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि यह सिद्ध हो सके कि जिन चमत्कारों, चिन्हों और अद्भुत कार्यों को उन्होंने किया, वे आप भी, उनकी संतान होने के नाते, इसी पृथ्वी पर रहते हुए कर सकते हैं।

जब आप सुसमाचारों को पढ़ते हैं और उनकी सेवकाई के शक्तिशाली साक्ष्यों को देखते हैं, तो उनके कार्यों को अपने लिए असंभव न समझें। मसीह एक सिद्ध उदाहरण बनकर आए, एक ऐसा नक्शा जो दिखाता है कि हमें कैसा जीवन जीना चाहिए। उनकी क्रूस पर मृत्यु केवल उद्धार के लिए नहीं थी; बल्कि यह इसलिए भी थी ताकि आप उसी सामर्थ्य और जीवन को प्राप्त कर सकें और उसमें चल सके, जिसमें वे स्वयं चलते हैं।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मुझ में मसीह का जीवन है! प्रभु यीशु मेरे लिए एक सिद्ध उदाहरण हैं, और जब मैं उनके वचन को पढ़ता और उस पर मनन करता हूं, तो मैं प्रतिदिन उनके समान स्वरूप में परिवर्तित हो रहा हूं। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
1 यूहन्ना 4:17

**365 बाइबल चुनौती – दिन 88**
यहोशू 4-6
यूहन्ना 1:1-28

सोमवार, मार्च 30



# जो होना है, वही होगा।

**लूका 10:19 (KJV)**
**देखो, मैने तुम्हे सांपों और बिच्छुओं को रौंदने का, और शत्रु की सारी सामर्थ पर अधिकार दिया है; और किसी वस्तु से तुम्हें कुछ हानि न होगी।**

---

आज बहुत से मसीही एक आत्मिक महामारी से जूझ रहे हैं, वे यह नहीं समझते कि उनके भीतर अपनी परिस्थितियाँ बदलने की कितनी शक्ति है। कई लोग जीवन का सामना निष्क्रिय रूप से करते हैं, परिस्थितियों को अपने परिणाम तय करने देते हैं, बजाय इसके कि वे बदलाव को लागू करें। जो होना है, वह होगा या अगर यह मेरा है तो अपने आप आ जाएगा जैसी बातें शत्रु के झूठ है जो आपके विरासत के मार्ग को रोकने के लिए गढ़े गए हैं।

परमेश्वर से जन्मे व्यक्ति के रूप में, आपको शत्रु की हर योजना और बुरी कल्पना को नष्ट करने का अधिकार और सामर्थ्य दिया गया है। आप वह सब कुछ अस्तित्व में बुला सकते हैं जो मसीह ने आपको दिया है। इसका अर्थ है कि आप अपनी समृद्धि की घोषणा कर सकते हैं, दिव्य स्वास्थ्य का आदेश दे सकते हैं, और हर प्रकार की आशीष को अपने जीवन में आने की आज्ञा दे सकते हैं। आज ही परमेश्वर के वचन को थामिए, उसकी वास्तविकता में चलिए, और अपने जीवन को सदा के लिए बदलते हुए देखिए।

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं कभी अचंभित नहीं हो सकता! कोई भी परिस्थिति मेरी बदलने की क्षमता से बाहर नहीं है। मैं एक प्रतिक्रियात्मक मसीही नहीं हूँ; मैं ही वह हूँ जो परिस्थितियों को प्रतिक्रिया करने पर मजबूर करता हूँ! आमेन।

**आगे का अध्ययन**
फिलिप्पियों 4:13

**365 बाइबल चुनौती – दिन 89**
यहोशू 7-9
यूहन्ना 1:29-51




मंगलवार, मार्च 31

# वचन की अज्ञानता

**होशे 4:6 (KJV)**
**मेरे ज्ञान के न होने से मेरी प्रजा नाश हो गई; तू ने मेरे ज्ञान को तुच्छ जाना है, इसलिये मैं तुझे अपना याजक रहने के अयोग्य ठहराऊंगा। और इसलिए कि तू ने अपने परमेश्वर की व्यवस्था को तज दिया है, मैं भी तेरे लड़के-बालों को छोड़ दूंगा।**

---

न्यायालय में अज्ञानता कभी उचित बहाना नहीं मानी जाती। दुख की बात है कि बहुत से मसीही पवित्र शास्त्र की सच्चाइयों से अनजान हैं। परिणामस्वरूप, वे दर्द, गरीबी, अभाव और संघर्ष से भरा एक साधारण जीवन जीते हैं, यह इसलिए नहीं कि यह परमेश्वर की इच्छा है, बल्कि इसलिए कि वे यह नहीं जानते कि वास्तव में उनका क्या अधिकार है।

बाइबल स्पष्ट रूप से कहती है मेरे लोग ज्ञान के अभाव में नष्ट हो जाते हैं। यह इसलिए नहीं कि शत्रु बहुत सामर्थी है, बल्कि इसलिए कि वे उसे रोकने के लिए तैयार नहीं हैं। परमेश्वर का वचन आपका शस्त्रागार है। जब आप उसे पढ़ते और उस पर मनन करते हैं, तब आप आत्मिक हथियारों से सुसज्जित हो जाते हैं ताकि शैतान के हर आक्रमण को पराजित कर सकें। अपने विरासत से नीचे जीवन जीने से इनकार करें और परमेश्वर के वचन की शक्ति और प्रतिज्ञाओं में चलें!

**भविष्यवाणी घोषणा**
मैं एक अध्ययनशील मसीही हूँ! परमेश्वर के वचन को पढ़कर, मैं स्वयं को युद्ध के लिए सुसज्जित कर रहा हूँ। जब मैं वचन पढ़ता हूँ, तब शत्रु के पास कोई अवसर नहीं रहता! परमेश्वर की महिमा हो। आमेन।

**आगे का अध्ययन**
यशायाह 5:13

**365 बाइबल चुनौती – दिन 90**
यहोशू 10-12
यूहन्ना 2




### आपका दैनिक
# भविष्यवाणी मार्गदर्शक

गुड न्यूज डेली को यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे मुख्य डिवोशनल के साथ अब विशेष रूप से युवाओ और बच्चों के लिए तैयार किए गए संस्करण भी उपलब्ध हैं। प्रत्येक संस्करण में भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल के हृदय से सीधे निकला प्रतिदिन का भविष्यदर्शी वचन प्रस्तुत किया गया है, जिसे जीवन के हर चरण और परिवार के हर सदस्य से जोड़ने के लिए सावधानीपूर्वक रूपांतरित किया गया है।

इन भक्ति-पुस्तिकाओं को अत्यंत ध्यानपूर्वक इस प्रकार तैयार किया गया है कि परमेश्वर का वचन जीवित, संबंधित और प्रभावशाली बन जाए, जिससे पाठक विश्वास, समझ और आत्मिक परिपक्वता में निरंतर बढ़ते रहें। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परमेश्वर का सत्य हर आयु के हृदय तक पहुंचे, और प्रत्येक दिन उनके साथ एक गहरी आत्मिक यात्रा के लिए प्रेरित करे।




**युवा संस्करण**
यह संस्करण गहराई से शक्तिशाली आत्मिक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो युवाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना आत्मिक बुद्धि और सामर्थ के साथ करने के लिए सक्षम बनाती हैं।

**बच्चों का संस्करण**
यह संस्करण विश्वास, प्रेम और परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं की बुनियादी अवधारणाओं को रोचक और आनंददायक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए बनाया गया है, जिससे छोटे हृदय परमेश्वर के साथ मजबूत संबंध विकसित कर सकें और बाइबल उनके जीवन में जीवित हो उठे।

हर दिन, आप भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल द्वारा लिखित दिन का भविष्यद्वाणी वचन प्राप्त करेंगे, एक दिव्य संदेश जो आपको परमेश्वर के साथ अपने संबंध में दृढ़ बनाएगा और आपको उसके वचन के अनुसार जीवन जीने में मार्गदर्शन देगा। यह परिवारों के लिए एक साथ विश्वास में बढ़ने और परमेश्वर के सत्य की गहराई को समझने का एक प्रभावशाली माध्यम है।

**मौका न चूकें!**
**गुड न्यूज डेली की रूपांतरित करने वाली शक्ति का अनुभव करना आज ही शुरू करें—यह एक भविष्यवाणी से भरपूर मार्गदर्शक है, जिसे हर पीढ़ी को प्रेरित और उत्साहित करने के लिए बनाया गया है!**

SCAN ME



हमारे प्रभु

# यीशु मसीह

हमारे प्रभु यीशु मसीह मसीही विश्वास की आधारशिला हैं। उनका जीवन और उनकी शिक्षाओं ने इतिहास की दिशा को गहराई से प्रभावित किया है। हमारे प्रभु यीशु मसीह अपनी अतुलनीय करुणा, ज्ञान और अद्‌भुत कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उनका संदेश प्रेम, क्षमा और अनंत जीवन के वायदे पर केंद्रित था, जो भी उन पर विश्वास करता है, उसके लिए आशा और उद्धार का संदेश था। अपनी सेवा के दौरान उन्होंने यहूदियों की भूमि में यात्रा की, बीमारों को चंगा किया, पीड़ितों को सांत्वना दी, और परमेश्वर के अनंत राज्य के बारे में सिखाया।

यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करना, उनके उपदेशों को ग्रहण करना और उनके रूपांतरकारी उपस्थिति को अपने जीवन में आमंत्रित करना है। यह आत्मिक पूर्णता की एक यात्रा है, जो विश्वास, प्रेम और उद्धार के वायदे पर आधारित है।

हमारे प्रभु यीशु मसीह के माध्यम से, हमें सामर्थ्य, आशा और अनंत शांति का मार्ग मिलता है। परिपूर्ण होना या उद्धार प्राप्त करना, परमेश्वर और उसके हमारे जीवन के उद्देश्य के प्रति समर्पण है। यह हमारे पुराने जीवन से मुड़कर यीशु मसीह की ओर लौटना है, उनसे हमारे पापों की क्षमा मांगना और उनसे नया जीवन पाना है।

रोमियों 10:9 (KJV)
“यदि तू अपने मुंह से यह अंगीकार करे कि यीशु प्रभु है, और अपने हृदय में विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तू उद्धार पाएगा।”

उद्धार परमेश्वर का हमें दिया गया निःशुल्क वरदान है, जिसके द्वारा हम उसके बच्चे बन जाते हैं। यह परमेश्वर के परिवार में एक अटल स्वीकृति है और यह हमें ऐसा जीवन जीने का सामर्थ्य देती है जो पूर्ण, उद्देश्यपूर्ण और परमेश्वर की महिमा को उसकी सारी सृष्टि के सामने प्रकट करता है।



क्या आपने स्वीकार किया है

# यीशु मसीह को

**"क्योंकि मनुष्य का पुत्र इसलिये आया कि जो खो गया है उसे ढूंढे और बचाएं।" – लूका 19:10 (KJV)**

**हम आपको आमंत्रित करते हैं कि आप यह प्रार्थना करके यीशु मसीह को अपने जीवन का प्रभु बना लें;**

"हे प्रभु परमेश्वर, मैं यीशु मसीह के नाम में तेरे पास आता हूँ। मैं पूरे हृदय से विश्वास करता हूँ कि यीशु मसीह जीवते परमेश्वर के पुत्र हैं। मैं विश्वास करता हूँ कि उन्होंने मेरे लिए प्राण दे दिए और परमेश्वर ने उन्हें मृतकों में से जिलाया। मैं विश्वास करता हूँ कि वे आज जीवित हैं। मैं अपने मुँह से अंगीकार करता हूँ कि आज से यीशु मसीह मेरे जीवन के प्रभु हैं। उन्हीं के द्वारा और उनके नाम में मुझे अनन्त जीवन मिला है; मैं नये सिरे से जन्मा हूँ।

धन्यवाद प्रभु, मेरे प्राण को बचाने के लिए!
अब मैं परमेश्वर की संतान हूँ। हालेलूयाह!"

बधाई हो!
अब आप परमेश्वर की संतान हैं।

उनके वचन में बने रहकर, प्रतिदिन प्रार्थना करके, और अपने विश्वास को दृढ़ रखकर निरंतर बढ़ते रहें। परमेश्वर ने आपके लिए एक अद्भुत यात्रा तय की है।

**एक मसीही के रूप में आगे बढ़ने के लिए हमसे संपर्क करें:**
**UK:** +44 3333 448 612 | **USA** +1 240 781 6942
**RSA:** +27 51 004 0209 | **ZWE** +263 773 195 955
**Email:** gnd@goodnewsworld.com

SCAN ME



शास्त्र वचन

# सुरक्षा

**आप परमेश्वर की शक्ति से घिरे हुए हैं, कोई बुराई आपके विरुद्ध स्थिर नहीं रह सकती!**

**यशायाह 54**

14. मैं धर्म में दृढ़ता से स्थापित हूँ, नींव मजबूत है। संकट मुझसे दूर रहेगा; मुझे किसी बात का भय नहीं होगा! आतंक मुझसे दूर रहेगा, वह मेरे पास तक नहीं आएगा!

15. यदि कोई मुझ पर हमला करता है, तो मैं यह नहीं सोचूँगा कि यह परमेश्वर की ओर से है। और यदि कोई मुझ पर आक्रमण करे, तो उसका कुछ भी प्रभाव नहीं होगा।

16. परमेश्वर ने लोहार को बनाया जो आग को भड़काता है और हथियार तैयार करता है जो मारने के लिए बनाया गया है। उसने विनाशक को भी बनाया है।

17. परन्तु ऐसा कोई हथियार नहीं बना जो मुझे हानि पहुँचा सके। जो कोई मुझ पर आरोप लगाएगा, वह झूठा सिद्ध होगा। मैं परमेश्वर का दास हूँ, इसलिए यह मेरा अधिकार है कि परमेश्वर सब कुछ मेरे लिए उत्तम रीति से पूरा करे।

यह वही है जो परमेश्वर ने कहा है, और यह यीशु के नाम में अवश्य पूरा होगा!

**एक मसीही के रूप में और बढ़ने के लिए हमसे संपर्क करें:**
**UK:** +44 3333 448 612 | **USA** +1 240 781 6942
**RSA:** +27 51 004 0209 | **ZWE** +263 773 195 955
**Email:** gnd@goodnewsworld.com
SCAN ME



वरदान
# उद्धार का

**रोमियों 10:9 (KJV)**
**“यदि तू अपने मुंह से यह अंगीकार करे कि यीशु ही प्रभु है, और अपने हृदय में विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मृतकों में से जिलाया, तो तू उद्धार पाएगा।”**

उद्धार सबसे बड़ा चमत्कार है। यह अच्छे कामों या धार्मिक प्रयासों से अर्जित नहीं होता; यह परमेश्वर का निःशुल्क वरदान है। जब यीशु मसीह मरे और फिर जी उठे, तब उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति के लिए पाप से मुक्ति और अनन्त जीवन का मार्ग खोल दिया। उन्होंने अपने हाथ फ़ैल़ाये हुए है, वे हर उस व्यक्ति को स्वागत करने के लिए तैयार हैं जो उन पर विश्वास करता है और उनके नाम को पुकारता है।

यह कोई मायने नहीं रखता कि तुम कहाँ रहे हो या तुमने क्या किया है। यीशु का लहू हर पाप, हर गलती, और हर असफलता को धो देता है। केवल एक क्षण के विश्वास में तुम्हारा अतीत मिट जाता है और एक नया जीवन प्रारंभ हो जाता है। तुम्हें बस अपने हृदय में विश्वास करना है कि यीशु प्रभु हैं और अपने मुंह से उसका अंगीकार करना है।



कहो: “प्रभु यीशु, मैं विश्वास करता हूँ कि आपने मेरे लिए प्राण दिए और फिर जी उठे। मैं आपको अपना प्रभु और उद्धारकर्ता स्वीकार करता हूँ।”

बस इतना ही, तुम नया जन्म ले चुके हो!
तुम मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हो।



वो क्षण
# आपकी चंगाई का

1 पतरस 2:24 (KJV)
“जिसने आप ही हमारे पापों को अपनी देह पर लिए हुए क्रूस पर चढ़ाया, ताकि हम पापों के लिये मरकर धर्म के लिये जीवन बिताएं; उसी के कोड़ों से तुम चंगे हुए।”

चंगाई कोई ऐसा वचन नहीं है जो भविष्य में पूरा होगा; यह पहले से ही पूरा हुआ कार्य है। जब यीशु उस क्रूस पर लटके थे, तब उन्होंने केवल तुम्हारे पापों को ही नहीं, बल्कि हर बीमारी, हर पीड़ा और हर कमजोरी को अपने ऊपर ले लिया था। उनकी पीठ पर पड़े प्रत्येक कोड़े का निशान तुम्हारी पूर्णता की कीमत था।



तुम्हें चंगाई पाने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं है; तुम्हारी चंगाई दो हज़ार वर्ष पहले ही सुनिश्चित की जा चुकी है। अब बस तुम्हें उस पर विश्वास करना है। जिस क्षण तुम यीशु मसीह को स्वीकार करते हो, उसी क्षण वह सामर्थ्य जो उसे मृतकों में से जिलाकर लाया, तुम्हारे शरीर में कार्य करना आरंभ कर देता है।

अपने शरीर की हर कोशिका और हर हड्डी से जीवन की बात करो। अपने आप को बीमार मत समझो। इसके बजाय, दृढ़ता से घोषित करो:
“उसके कोड़ों से मैं चंगा हो गया हूँ।”

अभी, उसी क्षण, वह चंगाई की सामर्थ्य तुम्हारे भीतर प्रवाहित हो रही है। हर लक्षण को यीशु के नाम के सामने झुकना ही होगा।

इसे ग्रहण करो, तुम्हारी चंगाई यहाँ है!




एक वैश्विक दृष्टि

# के लिए आवश्यक है एक वैश्विक बजट

**गुड न्यूज डेली पार्टनर बनें**



हर महीने, हमारे समर्पित साझेदार गुड न्यूज डेली भक्ति-पत्रिका की निःशुल्क प्रतियाँ अनाथालयों, कारागारों, अस्पतालों, वृद्धाश्रमों, विद्यालयों, सरकारी संस्थानों और दुनिया भर के अनेक स्थानों पर वितरित करते हैं। इस वैश्विक वितरण अभियान के परिणामस्वरूप हमें उद्धार, चंगाई, परमेश्वर की दिव्य व्यवस्था और अनेक चमत्कारों की असंख्य गवाही मिली हैं।

हमसे जुड़ें और परमेश्वर की इस महिमामयी चाल का हिस्सा बनें, किसी को एक नई शुरुआत और आशा से भरे कल का अवसर दें।

**एक मसीही के रूप में और बढ़ने के लिए हमसे संपर्क करें:**

**UK:** +44 3333 448 612 | **USA** +1 240 781 6942
**RSA:** +27 51 004 0209 | **ZWE** +263 773 195 955
**Email:** gnd@goodnewsworld.com

SCAN ME




एक संदेश

# कई भाषाएँ

**क्योंकि मसीह का संदेश किसी भाषा की दीवार नहीं जानता**

गुड न्यूज डेली आज कई प्रमुख भाषाओं में अनुवाद के माध्यम से दुनिया भर में जीवन बदल रहा है, जिससे लाखों लोगों को यीशु मसीह के उद्धारकारी ज्ञान तक पहुँच मिल रही है। राष्ट्रों और संस्कृतियों के पार, हर जगह लोग इस भक्ति-पत्रिका के माध्यम से भविष्यवाणी से भरे वचनों को सुन रहे हैं और परमेश्वर के साथ जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव कर रहे हैं।




गुड न्यूज डेली भाषा की बाधाओं को तोड़ रहा है और लोगों के हृदयों में उनकी अपनी भाषा में सीधे बोल रहा है। घरों और विद्यालयों से लेकर कलीसियाओं, विश्वविद्यालयों, यहाँ तक कि नेताओं और राष्ट्रपतियों तक, यह समाज के हर स्तर तक पहुँच रहा है।

भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल का यह भविष्यवाणी से भरा वचन हर राष्ट्र और हर भाषा तक पहुँचाकर, गुड न्यूज डेली इस पीढ़ी में महान आज्ञा को पूरा करने में मदद कर रहा है।

**प्रयोजन के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ**

GoodNews DAILY

आपका स्वागत है

# हमारे ऑनलाइन हब में



**और जानने के लिए, आज ही हमारी वेबसाइट पर जाएँ**

गुड न्यूज डेली की वेबसाइट पर जाएँ और वयस्कों, युवाओं और बच्चों के लिए उपलब्ध भक्ति-पत्रिकाओं को पढ़ें, जो आपकी आस्था को सशक्त करने और परमेश्वर के वचन की गहराई को समझने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। वेबसाइट पर आपको भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल की गहन शिक्षाएं, गुड न्यूज डेली से संबंधित ताजा घटनाओं की जानकारी, और ऐसे अनेक आध्यात्मिक संसाधन मिलेंगे जो आपके जीवन के हर क्षेत्र में आपको आत्मिक रूप से बढ़ने और फलने-फूलने में सहायता करेंगे।

चाहे आप दैनिक प्रेरणा, गहरे प्रकाशन, या गुड न्यूज वर्ल्ड से जुड़े रहने के नए मार्ग खोज रहे हों, आपको हर चीज़ एक ही स्थान पर, गुड न्यूज डेली वेबसाइट पर मिलेगी।

हमसे सोशल मीडिया पर जुड़ें:
@goodnewsdailydevotional
दैनिक उत्साहवर्धन, शिक्षाओं और प्रेरणादायक संदेशों के लिए।

**हमारी वेबसाइट**

www.goodnewsdailydevotional.com

# हर दिन

Spotify




हमारे वैश्विक श्रोताओं के समुदाय से जुड़ें जो अपने दिन की शुरुआत गुड न्यूज डेली भक्ति-पत्र के साथ करते हैं। स्पॉटिफाई पर गुड न्यूज सुनें और इसे अपने आध्यात्मिक विकास और बाइबल के सत्य के मार्ग पर अपने साथी के रूप में अपनाए, भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल के प्रकाशन और शिक्षाओं के अधीन।



# हर दिन

YouTube

हम आपको अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से गुड न्यूज डेली भक्ति-पत्र के वैश्विक प्रभाव की वास्तविक गवाहियाँ लाते हैं। नंबर एक दैनिक भक्ति-पत्र के रूप में, इसने आशा, प्रेम और विश्वास का संदेश फैलाकर अनगिनत जीवनों को छुआ है। भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल की शिक्षाओं के माध्यम से, गुड न्यूज डेली एक शक्तिशाली परिवर्तन का साधन बन गया है, जो विश्वासियों को मार्गदर्शन देता है और परमेश्वर के साथ उनके चलने को मजबूत करता है।

SUBCRIBE NOW

## जुड़े रहें। प्रेरित रहें।

06:00AM

ALARM FOR TODAY: A LIFE OF PEACE & JOY

**गुड न्यूज डेली अलार्म डाउनलोड करें:**
WWW.GOODNEWSDAILYDEVOTIONAL.COM

GoodNews DAILY

# कनेक्ट करें

हर दिन एक नया वचन, बस एक टैप की दूरी पर




**अब उपलब्ध है**

आप जहाँ कहीं भी हों, वचन से जुड़े रहें! प्रतिदिन के डिवोशनल, उत्साहवर्धक संदेश और भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल की सामर्थी शिक्षाओं तक पहुँच प्राप्त करें, जो हर दिन आपके विश्वास को मजबूत करेंगी और उसे बढ़ाएँगी।

Get it on Google play

Available on the App Store

www.goodnewsdailydevotional.com

# हमारा स्टोर

ज़रूरी चीज़ें सब एक ही जगह पर




**गुड न्यूज़ डेली कम्पेंडियम खंड एक**

मसीह में एक फलदायी जीवन जीने की शुरुआत परमेश्वर के वचन को जानने और समझने की इच्छा से होती है। भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल द्वारा लिखित गुड न्यूज डेली संकलन इस यात्रा को और भी सरल और अर्थपूर्ण बनाता है। खंड 1 में कई प्रभावशाली अध्याय शामिल हैं जो विभिन्न विषयों पर भक्ति-पत्रों और शिक्षाओं से भरपूर हैं, जिन्हें इस तरह व्यवस्थित किया गया है कि उन्हें आसानी से समझा और अनुसरण किया जा सके। हर पृष्ठ आपके विश्वास को मजबूत करता है, आपको इस सुसमाचार की गहरी समझ प्रदान करता है, और परमेश्वर के वचन की जीवन-परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतिदिन अनुभव कराता है।

पहली खरीदारी पर 10% की छूट के लिए कोड का उपयोग करें:
GOODNEWS10

स्कैन करें
पुरे स्टोर के लिए

Good News DAILY

# अंक 1 | 2026
## जनवरी – फरवरी – मार्च

---

गुड न्यूज डेली एक भक्ति-पत्रिका है जिसे स्पिरिट एम्बेसी: द गुड न्यूज़ चर्च द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह भविष्यवक्ता यूबर्ट एंजेल की भविष्यवाणी पूर्ण शिक्षाओं और प्रकाशनों को साझा करती है। इसका उद्देश्य यीशु मसीह का संदेश फैलाना और विश्वासियों को परमेश्वर के वचन द्वारा सामर्थ देना है।

**अधिक जानकारी, प्रार्थना, या शामिल होने के लिए कृपया अपने स्थानीय शाखा से संपर्क करें:**

शाखा का नाम:
संपर्क व्यक्ति:
फ़ोन नंबर:
ईमेल:
पता:

**कॉपीराइट © 2025 यूबर्ट एंजेल द्वारा**
**सर्वाधिकार सुरक्षित।**

support@goodnewsworld.com
www.goodnewsworld.com

अधिक जानकारी या अपनी गवाही साझा करने के लिए:
gnd@goodnewsworld.com | www.goodnewsdailydevotional.com

**एक मसीही के रूप में और बढ़ने के लिए हमसे संपर्क करें:**
**UK:** +44 3333 448 612 | **USA** +1 240 781 6942
**RSA:** +27 51 004 0209 | **ZWE** +263 773 195 955
**Email:** gnd@goodnewsworld.com

SCAN ME



For further information on how to grow as a Christian, please get in touch with us at:

UK: +44 3333 448 612
USA +1 240 781 6942
RSA +27 51 004 0209
ZWE +263 773 195 955

**gnd@goodnewsworld.com**
**goodnewsdailydevotional.com**

SCAN FOR YOUR FREE DOWNLOAD